卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहिं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 286 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦28 जुलाई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में 'मानस' बहुत बड़ा कदम: मोदी

### मन की बात में पीएम ने ओलंपिक और खिलाड़ियों पर भी की चर्चा

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मासिक रेडियो शो 'मन की बात' के 112वें एपिसोड में कहा कि इस समय पूरी दुनिया में पेरिस ओलंपिक छाया हुआ है। ओलंपिक हमारे खिलाड़ियों को विश्व पटल पर तिरंगा लहराने का मौका देता है, देश के लिए कुछ कर गुजरने का मौका देता है। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले मैथ्स की दुनिया में भी एक ओलंपिक हुआ है। इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड। इस ओलंपियाड में भारत के छात्रों ने बहुत शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें हमारी टीम ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीता। उन्होंने कहा, इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड में 100 से अधिक देशों के युवा प्रतिभागी भाग लेते हैं, और हमारी टीम ने शीर्ष पांच देशों में सफलतापूर्वक स्थान प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने ड्रग्स की समस्या पर भी बात की। उन्होंने कहा कि अगर किसी के पास ड्रग्स से जुड़ी कोई दूसरी जानकारी भी है, तो वो नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ साझा भी कर सकते हैं। 'मानस' के साथ साझा की गई हर जानकारी गोपनीय रखी जाती है। भारत को ड्रग्स फ्री बनाने में जुटे सभी लोगों से, सभी परिवारों से, सभी संस्थाओं से मेरा आग्रह है कि मानस हेल्पलाईन का भरपूर उपयोग करें।



सरकार ने एक विशेष केंद्र खोला है, जिसका नाम है –'मानस'। ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में ये बहुत बड़ा कदम है। कुछ दिन पहले ही 'मानस' की हेल्पलाइन और पोर्टल को लॉन्च किया गया है। सरकार ने एक टोल फ्री नंबर 1933 जारी किया है। इस पर कॉल करके कोई भी जरूरी सलाह ले सकता है या फिर रिहैबिलिटेशन से जुड़ी जानकारी ले सकता है। प्रधानमंत्री ने असम के चराईदेउ मैदाम को यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल किए जाने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस लिस्ट में यह भारत की 43वीं, लेकिन नॉर्थईस्ट की पहली साइट होगी। चराईदेउ अहोम राजवंश की पहली राजधानी थी। अहोम राजवंश के लोग अपने पूर्वजों के शव और उनकी कीमती चीजों को पारंपरिक रूप से मैदाम में रखते थे। पीएम मोदी ने बताया कि मैदाम, टीले नुमा एक ढांचा होता है, जो ऊपर मिट्टी से ढका होता है और नीचे एक या उससे ज्यादा कमरे होते हैं। ये मैदाम, अहोम साम्राज्य के दिवंगत राजाओं और गणमान्य लोगों के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान प्रकट करने का ये तरीका बहुत अनोखा है। इस जगह पर सामुदायिक पूजा भी होती थी। 13वीं शताब्दी से शुरू होकर अहोम साम्राज्य 19वीं शताब्दी की शुरुआत तक चला। इतने लंबे कालखंड तक एक साम्राज्य का बने रहना बहुत बड़ी बात है। शायद अहोम साम्राज्य के सिद्धांत और विश्वास इतने मजबूत (शेष पृष्ठ सात पर)

## हाथी दाँत के साथ तीन अन्तर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

### एसटीएफ, तराई केन्द्रीय वन प्रभाग रूद्रपुर और श्यामपुर थाना पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

हरिद्वार/रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वन्य जीव अंगों की अवैध तस्करी में लिप्त तस्करों के खिलाफ चलाये गये अभियान के तहत एसटीएफ, तराई केन्द्रीय वन प्रभाग रूद्रपुर और हरिद्वार के श्यामपुर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए तीन अंतर्राज्यीय तस्करों को हाथी दांत के साथ गिरफ्तार कर लिया। तस्करों के पास से सात सात किलो के दो हाथी दांत बरामद किये गये। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि सीओ एसटीएफ आर.बी.चमोला के नेतृत्व में उत्तराखण्ड एसटीएफ, तराई केन्द्रीय वन प्रभाग रुद्रपुर व थाना श्यामपुर की संयुक्त टीम ने संयुक्त



अभियान में शनिवार शाम थाना श्यामपुर जनपद हरिद्वार क्षेत्र से 2 अन्तर्राज्यीय वन्यजीव तस्कर गौतम सिंह पुत्र सुखदेव सिंह, निवासी ग्राम आमगारपुर, थाना मण्डावली, जनपद बिजनौर तथा चन्दन सिंह पुत्र रामकुवर, निवासी ग्राम आमगारपुर, थाना मण्डावली, जनपद बिजनौर को सात किलो वजन के एक हाथी दांत के साथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों तस्करों से पूछताछ के उपरान्त तीसरे तस्कर जितेन्द्र सैनी पुत्र ऋषिपाल निवासी नौरंगाबाद , थाना श्यामपुर जिला हरिद्वार को देर रात्रि दूसरे हाथी दाँत के साथ श्यामपुर क्षेत्र से ही गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर लम्बे समय से वन्यजीव अंगो की तस्करी में लिप्त थे। एसटीएफ की इस कार्यवाही में मुख्य आरक्षी महेन्द्र गिरि व मुख्य आरक्षी किशोर कुमार की विशेष भूमिका रही। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि पकड़े गये तस्करों के बारे में लम्बे समय से हरिद्वार क्षेत्र से वन्यजीव अंगो की तस्करी करने का इनपुट एसटीएफ के पास आया था जिसपर एस टी एफ की टीम को गोपनीय रुप से छानबीन में (शेष पृष्ठ सात पर)

## नहर में नवजात का शव मिलने से सनसनी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रविवार प्रात: काठगोदाम थाना क्षेत्र में सिंचाई विभाग की नहर में नवजात शिशु का शव पाए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण करने के बाद वहां खड़े लोगों से आवश्यक जानकारी ली और शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम हाउस भिजवाया। पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार काठगोदाम थाना क्षेत्र के देवलातल्ला में सिंचाई नहर में प्रात: नवजात शिशु का शव पाया गया। खबर लगते ही वहां लोगों की भीड़ लग गई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और आवश्यक जानकारी जुटाकर शव पोस्टमार्टम डीएनए जांच के लिए भेज दिया। आशंका जताई जा रही है कि किसी कलयुगी मां ने नवजात बेटे को जन्म देते ही अपने सम्मान की रक्षा के लिए उसे नहर में फेंक दिया। जैसे ही लोगों ने शव को नहर में देखा तो नवजात के नाभी में नाल मौजूद थी। पुलिस ने बताया कि अभी तक मामले में किसी भी तरह का सुराग नहीं मिला है। मामले की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे है।

## घर में घुसकर युवती को अगवा करने की कोशिश,चाकू से हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प में तीन युवकों द्वारा गत रात्रि एक घर में घुसकर युवती को जबरन अगवा करने की कोशिश की गई। जब वह इसमें नाकाम होने लगे तो उन्होंने युवती पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। शोर होने पर परिजनों ने एक हमलावर युवक को मौके पर दबोच कर उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। जबकि उसके दो साथी चंगुल से बचकर भागने में कामयाब हो गये। पकड़े गये युवक को परिजनों ने पुलिस के सुपुर्द कर दिया। घायल युवती का परिजनों ने जिला चिकित्सालय में उपचार करा कर पुलिस को मामले की तहरीर सोंप दी है। पुलिस पकड़े गये हमलावर से पूछताछ



कर रही है। जानकारी के अनुसार ट्रांजिट कैम्प में जनपथ रोड़ निवासी हरिओम की पुत्री 17 वर्षीय काजल गत रात्रि अपने परिजनों के साथ घर पर थी। लगभग साढ़े नौ बजे अचानक तीन युवक हाथ में चाकू लिए घर में घुस आये और वह काजल को जबरन अगवा कर अपने साथ ले जाने की कोशिश करने लगे। जिस पर काजल ने शोर मचाया। शोर की आवाज सुनते ही परिजन वहां आ पहुंचे और उन्होंने हमलावर युवकों में एक को मौके पर दबोच लिया जबकि उसके दो अन्य साथी परिजनों के चंगुल से बचकर मौके से भागने में कामयाब हो गये। चाकू से हमले में काजल के सिर और गर्दन से खून की धारायें बह रही थीं। मामले की सूचना पुलिस को देकर पकड़े गये युवक को पुलिस के सुपुर्द कर गंभीर रूप से घायल काजल को तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय(शेष पृष्ठ सात पर)

## मेडिकल स्टोर का ताला तोड़ उडाई हजारों की नगदी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने पुलिस की रात्रि गश्त की धज्जियां उड़ाते हुए गत रात्रि रामपुर रोड गोरा पड़ाव बाय पास पर एक मेडिकल स्टोर का ताला तोड़कर गल्ले से हजारों रुपए की नकदी चोरी कर ली। चोरी का पता दुकान स्वामी दयावती आर्या को सुबह उस समय लगा जब पड़ोसी फर्नीचर वाले ने दुकान पर पहुंचकर उन्हें फोन किया। जिसके बाद वह आनन फानन में दयावती दुकान की ओर दौड़ी। दुकान पहुंचकर उसने देखा मेडिकल शॉप में लगे शटर का ताला टूटा था और अंदर गल्ले से नकदी निकाली थी। इसके बाद उन्होंने 112 पर चोरी की सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे



सीसीटीवी कैमरों की जांच की। दुकान स्वामी दयावती ने बताया कि गोरा पड़ाव बाय पास पर लक्ष्मी मेडिकल स्टोर के नाम से शॉप है। शाम 8 बजे वह दुकान बंद कर घर चली गई थी। रात में उनकी दुकान का शटर तोड़कर गल्ले से करीब 7500 रुपए की नकदी उड़ा ले गए। जबकि लैपटॉप को खोलने के बाद छोड़ गए है। उन्होंने अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। उन्होंने बताया कि साथ में ही फर्नीचर की दुकान से सामान वो नकदी भी चोर अपने साथ ले गए।

## न्याय न मिला तो 11 अगस्त को विधायक के आवास का होगा घेराव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। यदि सिडकुल की विभिन्न फैक्ट्रियों के आंदोलित श्रमिकों को न्याय न मिला तो संयुक्त कर्मचारी मोर्चा के बैनर तले सैकड़ों श्रमिक आगामी 11 अगस्त को विधायक शिव अरोरा का उनके आवास में घेराव करेंगे। पत्रकारों से बातचीत करते मोर्चा के महासचिव चंद्रमोहन लखेड़ा ने कहा कि शासन –प्रशासन और श्रम विभाग द्वारा जिस तरह से श्रम कानूनों की अनदेखी की जा रही है और कानूनों का खुला उल्लंघन कराया जा रहा है उसकी हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। यदि अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से श्रम कानूनों को लागू कराके श्रमिकों संग न्याय नहीं




किया तो मजबूरन हमें आगामी आने वाले 11 अगस्त को विधायक शिव अरोरा का घेराव करने के लिए विवश होना पड़ेगा द्यजिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि एक तरफ लुकास टीवीएस, इंटरार्क, करोलिया और नेस्ले कम्पनी के श्रमिक जिला प्रशासन और श्रम विभाग द्वारा कराए गए त्रिपक्षीय समझौते को लागू कराने को संघर्ष कर रहे हैं। लुकास कम्पनी के मजदूर विगत करीब 160 दिन से समझौते के तहत श्रमिकों की कार्यबहाली कराने को धरनारत हैं तो इंटरार्क और करोलिया कम्पनी के मजदूर भी विगत लम्बे समय से नौकरी से बर्खास्त किए गए श्रमिकों की उक्त समझौते के तहत कार्य बहाली कराने को संघर्ष कर रहे हैं। बड़वे और इंटरार्क कम्पनी के श्रमिक समझौते के तहत श्रमिकों को वेतन वृद्धि का लाभ दिलाने को आवाज उठा रहे हैं। किन्तु जहाँ एक ओर उक्त कम्पनियों के मालिक उक्त समझौतों का घोर उल्लंघन करके श्रमिकों का उत्पीड़न कर रहे हैं तो श्रम विभाग और जिला प्रशासन (शेष पृष्ठ सात पर)

## कांवड़ दिखाने के बहाने बाइक पर ले जाकर युवक की हत्या

रूड़की (उद संवाददाता)। मंगलौर में कांवड़ दिखाने के बहाने बाइक पर ले जाकर युवक की हत्या करने के मामले में पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर तीन युवकों पर मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, नारसन क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर निवासी अंकुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके भाई आकाश को 26 जुलाई की रात को गौरव व विकास निवासी ग्राम नसीरपुर और रजत निवासी मोहम्मदपुर जट कांवड़ दिखाने के बहाने बाइक पर ले गए (शेष पृष्ठ सात पर)

## बलात्कार का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को आईटीआई पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे कर दिया। वार्ड नंबर 3 मोहल्ला जसपुर खुर्द निवासी एक व्यक्ति ने बीते दिवस आईटीआई पुलिस को तहरीर देकर बताया कि नई कॉलोनी पैगा थाना आईटीआई निवासी धीरज पुत्र सुखबीर ने उसकी पुत्री के साथ जबरदस्ती बलात्कार किया। इस मामले में (शेष पृष्ठ सात पर)

# टिहरी में भूस्खलन ने मचाई तबाही, मां बेटी नदी में बही

## बादल फटने से उफनाई बालगंगा और धर्मगंगा, तिनगढ़ गांव में भूस्खलन से 15 मकान मलबे में दबे





देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के कई इलाकों में भारी बारिश के चलते जन-जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। भूस्खलन की घटनाएं बढ़ गईं। शनिवार को टिहरी के तिनगढ़ गांव में एक बार फिर भूस्खलन हुआ। इसमें 15 आवासीय मकान मलबे में दब गए। हालांकि प्रशासन ने सुबह ही इन घरों को खाली करा लिया था, जिसके कारण कोई हताहत नहीं हुआ। ग्रामीणों को विनकखाल इंटर कॉलेज में शिफ्ट किया गया है। बीती रात को बूढ़ाकेदार क्षेत्र में धर्मगंगा नदी के उफान पर आने से मां-बेटी नदी के तेज बहाव में बह गए हैं। बूढ़ाकेदार से छह किमी दूर झाला पुल के समीप नेपाली मूल के मजदूर एक कच्चा मकान में रहते थे। रात दो बजे के लगभग धर्मगंगा के उफान पर आने से पप्पू बहादुर की पत्नी जया (32) और बेटी मोनिका (7) बह गई हैं। थानाध्यक्ष संजीव थपलियाल ने बताया कि नदी के किनारे उनकी तलाशी की गई। लेकिन पता नहीं चल पाया है। पप्पू बहादुर और रमेश बहादुर ने भाग कर जान बचाई। डीएम मयूर दीक्षित ने बताया कि आपदा को देखते हुए भिलंगना ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्रों और कक्षा एक से 12वीं तक के सभी स्कूल सोमवार, मंगलवार और बुधवार तक बंद रहेंगे। ग्राम पंचायत भंगेली के गुणगा गांव में अतिवृष्टि से गांव के संपर्क मार्ग, दो पुलिया, पेयजल लाइन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। साथ ही खेतों का कटान के साथ परिसंपत्तियों का नुकसान हुआ है। ग्राम प्रधान प्रवीन प्रज्ञान ने कहा कि रात को एक बजे के करीब आचनक आकाशीय बिजली की तेज गर्जन हुई, देखते ही देखते एक छोटे नाले ने एक नदी का रूप ले लिया जिसमें गांव की बहुत परिसंपत्तियों का नुकसान हुआ है, जिसकी सूचना आपदा विभाग एसडीएम डीएम और क्षेत्रीय विधायक को दी गई है। इससे पहले शनिवार को ही टिहरी के भिलंगना ब्लॉक के तोली गांव में भूस्खलन की चपेट में आए एक मकान के अंदर मां और बेटी दब गईं। जिससे दोनों की मौत हो गई। परिवार के अन्य सदस्यों ने देर रात किसी तरह बाहर भाग कर जान बचाई। तोली गांव के ग्राम प्रधान रमेश जिरवाड़ ने बताया कि रात को दो ढाई बजे क्षेत्र में जमकर बारिश हुई। इसी दौरान वीरेंद्र लाल का मकान भूस्खलन की चपेट में आ गया। मकान के पीछे से हुए भूस्खलन में दीवार क्षतिग्रस्त हो गई है। घर के अंदर सो रही वीरेंद्र लाल की पत्नी सरिता देवी 36 वर्ष और उसकी बेटी अंकिता 15 साल अंदर मालबे में दब गई है। उन्हें तलाशने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया गया। सरिता देवी का शव मलबे से बरामद कर लिया है। तिनगढ़ गांव का जूनियर हाई स्कूल भवन भी भूस्खलन से पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया है। विशन गांव दला गांव को जोड़ने वाला पैदल पुलिया भी बह गई है। टिहरी जिले के जौनपुर ब्लॉक के थत्यूड़ में 33 केवी विद्युत सब स्टेशन में भारी मलबा भर गया है। जिससे ट्रांसफार्मर दब गए हैं। विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है। विद्युत सब स्टेशन परिसर में सड़क का मलबा और पानी घुसा पड़ा हुआ है।

# आपदा प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश

## बूढ़ा केदार में भी मची तबाही, रेस्क्यू टीम ने मलबे में दबी मां और पुत्री के शवों को निकाला

टिहरी/ देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी गढ़वाल के भिलंगना विकासखंड के बाल गंगा एवं बूढ़ा केदार में भारी बारिश और भूस्खलन से हुई क्षति पर गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडे एवं जिला अधिकारी टिहरी गढ़वाल मयूर दीक्षित को राहत एवं बचाव कार्य प्रभावी तरीके से चलाए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने घटना के प्रति दुख व्यक्त करते हुए टिहरी के प्रभारी मंत्री श्री प्रेमचंद अग्रवाल को घटनास्थल पर जाकर राहत एवं बचाव कार्य की समीक्षा करने को कहा है। विधायक शक्तिलाल शाह और डीएम मयूर दीक्षित ने तोली गांव पहुंचकर मृतक के स्वजन को नौ लाख 35 हजार रुपये का चेक दिया। बादल फटने से बालगंगा और धर्मगंगा नदियों का रौद्र रूप देख बूढ़ाकेदार घाटी के हजारों ग्रामीण रात भर जागते रहे। मुख्यमंत्री ने टिहरी जिला प्रशासन को प्रभावित क्षेत्र के संवेदनशील गांवों को तत्काल चिन्हित कर प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि स्थानीय निवासियों के साथ ही मवेशियों एवं अन्य पालतू पशुओं को भी सुरक्षित स्थानों पर रखे जाने की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि राहत कैंप में बिजली, पेयजल इत्यादि की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ितों को अनुमन्य राहत राशि भी तुरंत प्रदान की जाए।वहीं, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि बालगंगा क्षेत्र में रात को भारी बारिश और भूस्खलन से तोली गांव में एक मकान में मलबे से दो महिलाओं के दबने की सूचना प्राप्त हुई थी। एसडीआरएफ, पुलिस, राजस्व और स्वास्थ्य विभाग की टीमें तत्काल मौके के लिए रवाना हुई तथा खोज एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। जबकि, श्रीमती पूर्णिमा देवी के एक अति संवेदनशील घर के सामान को शिफ्ट किया गया है।उन्होंने बताया कि रेस्क्यू टीम ने मलबे से सरिता देवी पत्नी वीरेंद्र सिंह तथा अंकिता पुत्री वीरेंद्र सिंह के शवों को निकाला दिया है। जबकि एक घायल वीरेंद्र सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद पीएचसी बेलेश्वर में भर्ती किया गया है।उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की राहत राशि के चेक दिये गये हैं तथा आवास क्षति का 01 लाख 35 हजार रुपए का चेक तत्काल उपलब्ध कराया गया। इसके साथ 2 पशु हानि की जांच के उपरांत मुआवजा राहत राशि के चेक वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त थाती बुढ़ाकेदार नाथ में पुल के पास एक घर बहा है। धाम के गेट के नीचे बाजार में नदी के जलस्तर से खोखली हो रही सड़क के पास स्थित घर और दुकानों को खाली कराया जा चुका है।

# मुख्यमंत्री के राहत एवं बचाव कार्य प्रभावी तरीके से चलाने के निर्देश

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बालगंगा और बूढ़ा केदार में भारी बारिश व भूस्खलन से हुई क्षति पर गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय एवं जिलाधिकारी टिहरी मयूर दीक्षित को राहत एवं बचाव कार्य प्रभावी तरीके से चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घटना पर दुख प्रकट करते हुए टिहरी के प्रभारी मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को घटनास्थल का दौरा करने को कहा है। मुख्यमंत्री धामी ने टिहरी जिला प्रशासन को प्रभावित क्षेत्र के संवेदनशील गांवों को तत्काल चिह्नित करते हुए प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय निवासियों के साथ ही मवेशियों व पालतू पशुओं को भी सुरक्षित स्थान पर रखे जाने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने जिलाधिकारी टिहरी को निर्देश दिए कि राहत कैंप में बिजली व पानी की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए और पीड़ितों को अनुमन्य राहत राशि भी तुरंत प्रदान की जाए। वहीं मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि अगले 12 घंटे में देहरादून, टिहरी, चमोली, रुद्रप्रयाग, नैनीताल पिथौरागढ़ में भी कहीं-कहीं एक से दो दौर तेज वर्षा हो सकती है। इन जनपदों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम का यह मिजाज सोमवार को ऐसा ही रह सकता है। उन्होंने बताया कि देहरादून के हरिपुर में पिछली रात पांच घंटे में 55.1 मिमी, मसूरी में 47.3 मिमी, आशारोड़ी में 52.5 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई। टिहरी में 33.2 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई।







# बाबा बागेश्वर बोले: अपनी पहचान बताना गलत नहीं, पहचान छुपाना गलत है

## पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने परमार्थ निकेतन ऋषिकेश में साधकों के साथ किया अनुष्ठान





ऋषिकेश(उद संवाददाता)। श्री बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा है कि सिर्फ पर्चा बनाने या चमत्कार दिखाने से देश का भला नहीं हो सकता। इसलिए विश्व को शांति के लिए कुछ बड़ा देकर जाएंगे। कहा कि इसके लिए विलुप्त हो रही ब्रेन डिटॉक्स (मस्तिष्क शुद्धि) पद्धति को निकाला गया है। जो विश्व में क्रांति लाएगी। आने वाले 10 साल बाद भारत को मुस्कुराता हुआ भारत बनाएगी। शुक्रवार को तीन दिवसीय यात्रा पर उत्तराखंड पहुंचने पर ऋषिकेष परमार्थ निकेतन में धीरेंद्र शास्त्री ने पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि वह तीन दिनों के लिए उत्तराखंड आए हैं। करीब 600 साधकों ने तीन दिन तक यहां अनुष्ठान किया। अभी तक दुनिया में बॉडी डिक्टास पर बहुत लोग काम कर रहे हैं। लेकिन हमने पहली बार बागेश्वर धाम व दूसरी बार परमार्थ निकेतन में ब्रेन डिटॉक्स पर साधना का कार्य किया है। जिसमें कई देशों से डाक्टरों सहित 100 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया। एक शोध के अनुसार आज विज्ञान के युग में हर आदमी दिन में करीब 6 घंटे स्क्रीन पर व्यतीत कर रहा है। जिसका प्रभाव उसके बुद्धि और मस्तिष्क पर पड़ रहा है। इसलिए विलुप्त हो रही ब्रेन डिटॉक्स पद्धति को निकाला गया है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि राजनेताओं को इस पद्धति की सबसे अधिक आवश्यकता है। दुकानों पर अपना नाम लिखने संबंधी आदेश पर धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि इस आदेश पर कोर्ट ने रोक लगा दी है। हम सब को इसका पालन करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अपनी पहचान बताना गलत नहीं है। पहचान छुपाना गलत है। शास्त्री ने कहा कि उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने चारों धाम के नामों के कॉपीराइट के लिए जो कानून बनाया है वह बहुत अच्छा है। इस अवसर पर स्वामी चिदानंद सरस्वती भी मौजूद रहे। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि उत्तराखंड की भूमि में कंकड़-कंकड़ शंकर-शंकर है। विश्व के देशों के पास पहाड़ तो हैं लेकिन उनके पास केदारनाथ नहीं है। नदियां तो बहुत सारी हैं लेकिन उनके पास गंगा नहीं है। विदेशों में साधन तो बहुत हैं लेकिन साधना नहीं है। व्यक्ति बहुत हैं लेकिन व्यक्तित्व नहीं है। भारत का सिर अगर उत्तराखंड है तो उत्तराखंड की आंखें ऋषिकेश हैं। पंडित धीरेद्र शास्त्री ने कहा कि एक बार किसी पत्रकार ने उनसे पूछा कि आपके पास इतनी भीड़ क्यों रहती है तो हमने एक विचित्र जवाब दिया कि जिस देश में डाक्टर लापरवाह और दवाइयां महंगी होती हैं उस देश में भभूति का चमत्कार चलता है। वहीं परमार्थ निकेतन प्रांगण में ऊर्जा संचय समागम के समापन के अवसर पर बागेश्वर धाम सरकार पूज्य श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री और पूज्य स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने रूद्राक्ष के दिव्य पौधें का रोपण कर हरित आयोजनों का दिव्य संदेश दिया। श्रावण के इस दिव्य मास में दोनों पूज्य संतों ने दीप प्रज्वलित कर विश्व मंगल व विश्वशान्ति की प्रार्थना की। पेड़ हैं तो वायु है, वायु है तो आयु है और आयु है तो जीवन है।

# पूर्व विधायक महाजन ने कानून व्यवस्था पर उठाये सवाल

दिनेशपुर( उद संवाददाता)। पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने जर्जर मटकोटा-दिनेशपुर मार्ग पर हो रहे हादसे तथा यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष पर फायरिंग को लेकर कानून व्यवस्था पर सवाल उठाये हैं। महाजन ने शासन प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए तत्काल मटकोटा सड़क के पुनर्निर्माण के साथ उसके चौड़ीकरण की मांग की है। सिर्फ खानापूर्ति करते हुए गड्ढे पाटने से काम नही चलेगा। रविवार को महाजन ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी अनिल सिंह के सुपुत्र पर रुद्रपुर में फायरिंग करने को लेकर कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि बीते दिनों फायरिंग करने के आरोपी के द्वारा 2022 में फिरौती मांगी गई थी। फिरौती नहीं मिलने पर गदरपुर में इसी के ऊपर फायरिंग की गई थी। जिसमें वहां बाल बाल बच गए थे। जिनकी तहरीर पूर्व में रुद्रपुर कोतवाली में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अनिल सिंह के द्वारा दी गई थी। लेकिन उसे पर ठीक तरीके से कोई कार्रवाई न होने के कारण दोबारा हाल ही में रुद्रपुर में फायरिंग की गई है।



जिससे घायल पीड़ित का अभी भी इलाज चल रहा है। बताया कि यदि प्रशासन उस समय मामले को ठीक तरीके से कार्रवाई करती तो आज विदेश में बैठकर एक बार फिर प्रशांत के ऊपर फायरिंग नहीं होती। उन्होंने सरकार पर क्षेत्र के लोगों को बिजली पानी स्वस्थ जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं कर पाने का आरोप भी लगाया है। उन्होंने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद मटकोटा दिनेशपुर मार्ग का निर्माण हुआ। लगभग 75 करोड रुपए से बनाई गई है सड़क एक साल भी नही चल सकी और बुरी तरह जर्जर हो गई। क्षतिग्रस्त सड़क पर बने गड्ढों से आए दिन दुर्घटना में लोग अपनी जान गवा रहे हैं। मगर शासन प्रशासन ने वायदे के बावजूद इस सड़क पर अभी तक कार्य आरंभ नहीं किया। उन्होंने कहा कि सड़क के पुनर्निर्माण के साथ इसके चौड़ीकरण की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र मार्ग पर दुरुस्तीकरण का कार्य आरंभ नहीं हुआ तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर आंदोलन को बाध्य होंगे। उन्होंने शासन प्रशासन पर क्षेत्रवासियों को बिजली पानी और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी समस्या भी उपलब्ध नहीं पाने का आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती से जनता तस्त है वही स्वास्थ केन्द्र में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नही है। कहा सभी बुनियादी समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता शीघ्र ही सड़क पर उतरेंगे।वार्ता के दौरान नारायण हालदार, वरिष्ठ कांग्रेसी अनिल सिंह, विरेद्र हाल्दार आदि मौजूद थे।

# पावर हाउस का ट्रांसफार्मर फुंका गर्मी से उबले हजारों उपभोक्ता

सितारगंज (उद संवाददाता)।भीषण गर्मी में पावर हाउस का ट्रांसफार्मर फुंक गया। जिससे उपभोक्ताओं में त्राहि त्राहि मच गई। विद्युत उपभोक्ताओं को सड़कों में रात गुजारनी पड़ी। सुबह शहर में पेयजल आपूर्ति भी ठप हो गई। घरों में लगे इनवर्टर मोबाइल भी डाउन हो गए। बिजली विभाग कर्मी शहर में विद्युत आपूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनाने में जुटे हुए हैं। लेकिन उर्जा विभाग बिजली आपूर्ति शनिवार शाम सात बजे से रविवार एक बजे तक सुचारू नहीं कर सका है। शनिवार की शाम करीब सात बजे बिजली घर में लगा ट्रांसफार्मर तकनीकी कारण से फुंक गया। जिस वजह से भीषण गर्मी में शहर वासियों को सड़कों में और घरों की छतों में रात गुजारनी पड़ी है। रविवार की सुबह बिजली घर में उपभोक्ताओं की भीड़ जुटने लगी। ऊर्जा विभाग कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आधे शहर में बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी। लेकिन विद्युत आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था सिडकल रोड चींटीमजरा, इस्लामनगर समेत आधे शहर में सफल नहीं हो सकी है। जिस वजह से आधे शहर में विद्युत आपूर्ति ठप है। बिजली आपूर्ति ठीक होने के कारण जल संस्थान पूरे शहर में पानी की सप्लाई नहीं कर सका है ऐसा इसलिए की जिस क्षेत्र में पानी के टैंक बने हुए है। उस क्षेत्र में 21 घंटे से बिजली नहीं आई है। हजारों विद्युत और पेयजल उपभोक्ता पानी सप्लाई न होने के कारण भीषण गर्मी में परेशान है।

''पावर हाउस का ट्रांसफार्मर फुंक गया है। जिस वजह से विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है। शहर में विद्युत आपूर्ति सितारों करने के लिए ऊर्जा विभाग कर्मी वैकल्पिक व्यवस्था बनाने में जुटे हुए हैं।

**महेंद्र सिंह, अवर अभियंता ऊर्जा विभाग सितारगंज**

# गुरूनानक डिग्री कालेज के छात्र छात्राओं को मिला कैम्पस प्लेसमेंट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री गुरुनानक डिग्री कॉलेज में अपोर्चनिटी वन स्टेप सॉल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट के तहत साक्षात्कार का आयोजन किया गया। जिसमें कम्पनी के अधिकारियों द्वारा संस्थान के छात्र-छात्राओं का एचआर मार्केटिंग के पद पर साक्षात्कार सम्पन्न हुआ। जिसमें से संस्थान के छात्र सुमित गैन (बीकॉम), राखी सिंह (बीबीए) एवं उदित सिंह (बीकॉम ऑनर्स) के छात्र-छात्राओं का चयन कम्पनी के अधिकारियों द्वारा किया गया। कॉलेज प्रशासन एवं प्लेसमेन्ट सेल ने छात्रों के चयन पर प्रसन्तता व्यक्त की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्थान के उप प्राचार्य डॉ० अखिलेश सिंह, प्लेसमेंट इंचार्ज श्रीमती असमीत कौर सेठी, श्रीमती प्रिया गुप्ता, श्रीमती एकता, संदीप त्रिपाठी, उमेश सिंह राणा, सुश्री प्रियंका एवं अखिलेश खरे आदि लोगों ने साक्षात्कार की प्रक्रिया को सम्पन्न कराया।

**गोदाम और फ्लैट किराये हेतु उपलब्ध**

- 5000,10,000 **एवं** 20,000 **वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।**
- **मैट्रोपोलिस एवं सामिया में** 2 **एवं** 3 **बीएचके के फ्लैट उपलब्ध हैं।**

**-सम्पर्क करें-**
9568300033
9568300015

# अपराधियों को क्षेत्रीय विधायक का मिल रहा संरक्षण : ठुकराल

## एसएसपी की कार्यप्रणाली से पुलिस का गिर रहा मनोबल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि अपराधियों को क्षेत्रीय विधायक का संरक्षण मिल रहा है और एसएसपी भी आंखे मूंदे बैठे है जिससे पुलिस कर्मियों का मनोबल भी गिर रहा है। आज पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष से जारी चेक के एवज में दलाली मांगने वाले व्यक्ति को विधायक शिव अरोरा का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले विधायक शिव अरोरा के कार्यालय से मुख्यमंत्री राहत कोष से आये आर्थिक सहायता के चेक लाभार्थियों को वितरित हुए थे लेकिन वहां इंतजार के बाद भी



फुलसुंगी निवासी एक लाभार्थी को चेक नही मिल पाया था। बाद में उसके पास जावेद नाम से व्यक्ति ने फोन कर चेक की एवज में तीन हजार रूपये की मांग की गई। यानि 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता के लिये 3 हजार रूपये की दलाली मांगी गई। श्री ठुकराल ने कहा कि जावेद को क्षेत्रीय विधायक का संरक्षण प्राप्त है और क्षेत्रीय विधायक आये दिन अपराधियों को बचाने के लिये पुलिस पर दबाब बनाकर उन्हे बचाने का प्रयास करते है। श्री ठुकराल ने कहा कि किडनेप और मारपीट करने वालो को पुलिस का कोई खौफ नही रह गया और कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न हो रहा है। यही नही विधायक के दबाब के चलते एसएसपी भी आंखे मूंद कर बैठे हुये है। जिसके चलते पुलिस कर्मियों का मनोबल गिर रहा है।

# भाई के क्रेडिट कार्ड से उड़ाये 79 हजार रूपये

रूद्रपुर। एक व्यक्ति ने अपने ही भाई पर क्रेडिट कार्ड से 79 हजार से भी ज्यादा रुपए निकाल लेने का आरोप लगाते हुए पुलिस ने कार्रवाई की मांग की है। रामलखन गिरी पुत्र रविन्द्र गिरी हाल निवासी तीन पानी डाम फुलसुंगा, ट्रांजिट कैम्प, मूल निवासी ग्राम इस्माइलपुर थाना मेहनाजपुर आजमगढ़ का कहना है कि उसका एक्सिस बैंक में खाता है। जिसका क्रेडिट कार्ड उसके भाई रामा आशीष गिरी ने बेग से निकाल लिया। उसका आरोप है कि क्रेडिट कार्ड से भाई ने 79155.98 रुपए निकाल लिये है। भाई पहले तो बोल रहा था कि 2 जुलाई को रूपये दे दूंगा परन्तु अब देने से इंकार कर रहा है।

# 7 सितंबर की मूर्ति स्थापना के साथ शुरू होगा गणेश महोत्सव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्राचीन श्री शिव मंदिर समिति हल्द्वानी की आयोजित हुई बैठक में आगामी श्री गणेश महोत्सव 2024 की तैयारी पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि सात सितंबर से मूर्ति स्थापना होगी। बैठक में श्री गणेश महोत्सव 2024 के लिए सभी सदस्यों से विचार विमर्श किया गया। संरक्षक स्वर्णलाल सडाना, सुभाष मोंगा व नवनियुक्त संरक्षक बालकिशन अग्रवाल ने सभी को शुभकामनाएं दी। पंडित विवेक शर्मा द्वारा गणेश वंदना कर शुभारम्भ किया गया। अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता ने आये हुए सभी सदस्यों का अभिनंदन व स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक हरिमोहन अरोरा ने श्री गणेश महोत्सव 24 में होने वाले सभी कार्यकर्मों की रूपरेखा सभी सदस्यों के सामने विस्तार से रखी। उन्होंने बताया कि आगामी 7 सितंबर से गणेश महोत्सव सितंबर को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन मंदिर समिति द्वारा किया जाएगा। इस दौरान महामंत्री पदम पाल अग्रवाल, राजू जायसवाल, राकेश साहू, तरुण माहेश्वरी, अशोक मुलानी, नवीन पांडेय सन्नू, विकास चोपड़ा,



हेतु मूर्ति स्थापना होगी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष लाला जायसवाल एवम सयुक्त सचिव अमित आसवानी ने बताया कि 8 व सुशील गुप्ता, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष सूरज लाम्बा व मुरली मुलानी, पूरन सागर, दीपू दीपांशु शर्मा मीडिया प्रभारी आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम मेंआये हुए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# घर में घुसकर मारपीट में तीन लोगों पर केस दर्ज

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र की एक महिला ने घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में वीरो कौर पत्नी सुरजीत सिंह निवासी देवकली मटिहा ने आरोप लगाया है कि 14 जुलाई को वह घर में अकेली थी, उसके माता पिता व बहनें खेत पर काम करने गई थी, आरोप है कि प्रार्थी को घर में अकेला देख उसका पड़ोसी सतनाम सिंह पुत्र जगीर सिंह गन्दी नियत से घर में घुस आया और घर से बाहर निकलने व शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। शोर मचाने पर उसके स्वजन को देख सतनाम सिंह भाग गया, लेकिन देर रात्रि वह अपने कुछ साथियों के साथ उसके घर आ धमका , जिनकी ललकारनें की आवाज सुनकर कमरें में बंद कर लिया। आरोप है कि हमलावरो ने दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया लेकिन दरवाजा नही टूटा। जिसकी सूचना 112 को देने के बाद उसके पिता ने हिम्मत सिंह के पिता भगवान सिंह व अमनदीप को फोन किया। जिनकों देखकर उक्त सभी मौके से भाग गए और जाते -जाते जान से मारने की धमकी देकर गए है। पुलिस ने तहरीर के अधार पर सतनाम सिंह पुत्र जगीर सिंह निवासी देवकली, गुरनाम सिंह पुत्र रेषम सिंह निवासी देवकली ठेरा, जगीर सिंह निवासी देवकली ठेरा के साथ एक अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एसटीएच में भर्ती बीमार मां जिंदा फूंकने का प्रयास, तीमारदारों ने बचाया

## पहले मां को अस्पताल ले गया, फिर उड़ेल दिया पेट्रोल

हल्द्वानी। नैनीताल जिले के ग्राम गेठिया निवासी मोहन सिंह ने डा. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल (एसटीएच) की इमरजेंसी में भर्ती मां को जिंदा फूंकने का प्रयास किया। उसने मां पर पेट्रोल उड़ेल दिया और लाइटर जलाकर आग लगाने को दौड़ पड़ा। गनीमत रही डाक्टर, नर्सों व तीमारदारों ने उसे पकड़ लिया। बेटा खुद ही शुक्रवार की रात मां को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचा था। शनिवार की सुबह उसने दुस्साहस किया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम गेठिया, नैनीताल निवासी 67 वर्षीय गीता देवी कुछ दिन से बीमार हैं। उन्हें उल्टी-दस्त की शिकायत थी। साथ ही वह आंख कम देखती हैं। शुक्रवार रात को ज्यादा तबीयत खराब होने पर उनका बेटा मोहन सिंह एसटीएच लेकर पहुंचा और इमरजेंसी में भर्ती करवा दिया। शनिवार की सुबह मोहन मां से बाजार जाने की बात कहकर निकला। पूर्वाह्न 11 बजे लौटा तो उसके हाथ में आधा लीटर वाली कोल्ड्र ड्रिंक की बोतल थी। जिसमें पेट्रोल भरा हुआ था। जोर से चिल्लाते हुए उसने मां के ऊपर पेट्रोल की पूरी बोतल उड़ेल दी और लाइटर जलाते हुए आग लगाने को दौड़ा। इसी बीच अस्पताल में आई तीमारदार व मोहन की बुआ धना देवी ने शोरशराबा कर दिया। नर्सों, डाक्टर व तीमरदारों ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद कमरे में बंद कर पुलिस को सूचना दी। कोतवाल उमेश कुमार मलिक अस्पताल पहुंचे और आरोपित को हिरासत में लिया। उससे पूछताछ की गई। उसके विरुद्ध प्राथमिकी करने की तैयारी की जा रही है। माता-पिता बच्चों के लिए क्या कुछ नहीं करते। मां पहले गर्भ में पालती है। इसके बाद जब तक जीवित रहती बच्चों को लाड प्यार देती है। मगर मोहन सिंह की मां बीमार हुई तो वह परेशान होने लगा। उसे मां की बीमारी पर तरस नहीं आया। शनिवार को उसने जब मां को जिंदा फूंकने का प्रयास किया तो बोला, कि मैं तेरी बीमारी से परेशान हो चुका हूं। गीता देवी के पति की कुछ सालों पहले मृत्यु हो चुकी है। मोहन उनका इकलौता बेटा है। जो गेठिया गांव में रहकर मजदूरी करता है। गीता की ननद धना देवी ने बताया कि चार दिन पूर्व गीता को बीडी पांडे में आंख के उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। डाक्टर ने शुगर अधिक होने पर आंख का आपरेशन करने से मना कर दिया था। इमरजेंसी के अंदर मां पर पेट्रोल उड़ेल कर मोहन सिंह ने कई मरीजों व तीमारदारों की जान को खतरे में डाला। इमरजेंसी में आग लगती तो बड़ी दुर्घटना होती। मरीज, तीमारदार व नर्सों से इमरजेंसी पैक थी। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने कहा कि अस्पताल की इमरजेंसी में मां के ऊपर पेट्रोल उड़ेलने वाले को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। युवक ने मां ही नहीं कई लोगों की जान को खतरे में डालने का प्रयास किया। उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# उत्तराखण्ड आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील राज्य : धामी

## सीएम धामी ने नीति आयोग की बैठक में प्रतिभाग कर उठाये राज्य की कई अहम परियोजनाओं के मुद्दे






नई दिल्ली/देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की बैठक में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने की दिशा में उत्तराखण्ड भी निरंतर कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील राज्य है। इस बार के केन्द्रीय बजट में इसको दृष्टिगत रखते हुए विशेष वित्तीय प्रावधान किये जाने पर उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हाल ही में जारी सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स इंडेक्स रैंकिंग में उत्तराखण्ड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जो राज्य के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य ने 'समान नागरिक संहिता' विधेयक को उत्तराखण्ड में पारित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के कई शहरों में पेयजल का गंभीर संकट दिखाई दिया है। इस समस्या के समाधान के लिए भू-जल स्तर बढ़ाने के साथ-साथ जल संरक्षण पर विशेष कार्य करने की आवश्यकता है। उत्तराखण्ड में इसके लिए स्प्रिंग एंड रिवर रिज्यूविनेशन अथॉरिटी का गठन किया है। जो जल संरक्षण और जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने और हिम आधारित नदियों को वर्षा आधारित नदियों से जोड़ जाने की परियोजना पर कार्य कर रही है। उन्होंने इसके लिए केन्द्र सरकार से विशेष वित्तीय सहायता एवं तकनीकि सहयोग का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता को और अधिक बढ़ावा देने की आवश्यकता है। जिसके लिए क्लस्टर आधारित इंक्यूबेशन सेंटर तथा ग्रोथ सेंटर महत्वपूर्ण साबित होंगे। उत्तराखण्ड में पायलट प्रोजक्ट के रूप में दो रूरल इंक्यूबेशन सेंटर तथा 110 ग्रोथ सेंटर स्थापित किए गए हैं। उन्होंने इंक्यूबेशन सेंटर्स स्थापित करने के लिए केन्द्र सरकार से तकनीकी और वित्तीय सहयोग के लिए अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने ऊर्जा की कमी को पूरा करने के लिए राज्यों को 25 मेगावाट से कम क्षमता की जल विद्युत परियोजनाओं के अनुमोदन तथा क्रियान्वयन की अनुमति प्रदान करने तथा लघु जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण के लिए प्रस्तावित 24 प्रतिशत कैपिटल सब्सिडी के प्रस्ताव को पूर्वोत्तर राज्यों के साथ ही हिमालयी राज्यों में भी लागू करने का अनुरोध किया। 'पीएम कृषि सिंचाई योजना' की गाइडलाइन में लिफ्ट इरिगेशन को शामिल करने के लिए भी मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया।

## विधायक काजी निजामुद्दीन और लखपत बुटोला को शपथ दिलाई

देहरादून। विधानसभा भवन देहरादून में शनिवार को मंगलौर विधानसभा और बद्रीनाथ विधानसभा के उपचुनाव में नवनिर्वाचित विधायक काजी निजामुद्दीन और लखपत सिंह बुटोला ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। यह शपथ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने विधानसभा भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में दिलाई।



नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ग्रहण करने के बाद सभी गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने दोनों विधायकों को बधाई दी और उन्हें आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनिर्वाचित विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्रों के विकास और राज्य के हित में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं और विधायकों ने भी अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं और आगामी सत्र में दोनों विधायकों के सक्रिय योगदान की उम्मीद जताई। इस महत्वपूर्ण अवसर पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रीतम सिंह और कांग्रेस के अन्य विधायक उपस्थित रहे।

## कमिश्नर ने दिए दमुवाढूंगा क्षेत्र में बन्दोबस्ती का प्रस्ताव भेजने के निर्देश

हल्द्वानी। दमुवाढूगां क्षेत्र के लोगों को बन्दोबस्ती का शीघ्र लाभ का प्रयास किया जाएगा। इस सम्बन्ध में कैम्प कार्यालय में दमुवाढूंगा बन्दोबस्ती के सम्बन्ध में आयुक्त दीपक रावत की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। बैठक में दमुवाढूगा क्षेत्र के निवासियों द्वारा आयुक्त को बताया कि दमुवाढूगा क्षेत्र में बन्दोबस्ती नही होने के कारण क्षेत्रवासियों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्रवासियों द्वारा बताया गया कि वन आरक्षित क्षेत्र से अनारक्षित करने की अनुमति भी मिल चुकी है। वर्तमान में दमुवाढूगा क्षेत्र में लगभग 40 हजार की आबादी निवासरत है जिसमें 3 वार्ड है। क्षेत्र के लोगों द्वारा बताया गया कि भूमिधारी का अधिकार नही मिलने से उन्हें सरकार



द्वारा संचालित सभी सुविधाओं से वंचित होना पडता है। आयुक्त ने बैठक में क्षेत्र वासियों से कहा कि उनकी जो भी परेशानियां है उन्हे लिखित रूप से दें ताकि शासन स्तर पर प्रस्ताव प्रेषित किये जा सकें। आयुक्त श्री रावत ने बताया कि दमुवाढूंगा के सामाधान हेतु शासन स्तर पर उनके द्वारा शीघ्र ही लोगों को मालिकाना हक दिलाने के लिए प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा। बैठक में विधायक बंशीधर भगत, नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, डीएफओ दिगंत नायक, अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान, अशोक जोशी, आरटीओ संदीप सैनी, सिटी मजिस्टेट एपी बाजयेयी, उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा, तहसीलदार सचिन कुमार के साथ ही दमुवाढूंगा के क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# ग्राम गोनियारो में शिविर लगाकर डीएम ने किया जनसमस्याओं का निस्तारण







भीमताल (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान जनपद के दूरस्थ विकासखंड ओखलकांडा के चंपावत सीमा से लगे अंतिम ग्राम गोनियारो में शिविर लगाकर जनसमस्याओं को सुना।शिविर में मुख्य रूप से बिजली,पानी, सोलर लाइट, गैस, मनरेगा, दैवीय आपदा से क्षति सहित अन्य समस्याओं से संबन्धित लगभग 150 से अधिक शिकायतें दर्ज हुई, जिसमें जिलाधिकारी ने अधिकांश समस्याओं में शिकाय तकर्ता की सुनवाई कर मौके पर निस्तारण किया गया। जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण हेतु डीएम ने 15 दिन के भीतर संबन्धित अधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण कर अवगत कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि शिविर में देखने को मिला कि दूरस्थ क्षेत्रों में अधिकारियों के भ्रमण न करने के कारण जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है, उन्होंने कहा कि फील्ड ऑफिसर अपने समकक्ष अन्य विभागों के अधिकारियों का नंबर रखे और

### दूरस्थ क्षेत्रों में अधिकारियों के भ्रमण में लापरवाही से चक्कर काट रहे ग्रामीण

आपसी समन्वय से जनता के कार्य को प्राथमिकता से करें,जिससे विभिन्न योजनाओं के तहत आवेदनकर्ता को अनावश्यक दफ्तरों के चक्कर नहीं काटना पड़े और योजनाओं का लाभ भी समय से मिल सके। शिविर में स्थानीय लोगों ने बताया कि 16 जुलाई की बारिश से खेतीबाड़ी और मकान को नुकसान हुआ है। राजस्व विभाग द्वारा भारी बारिश से हुए नुकसान का समय से जायजा और मुआवजा न देने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए एसडीएम धारी को प्रत्येक घर का सर्वे करवाते हुए मौके पर ही सहायता राशि वितरित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही डीएम ने कहा कि तहसील स्तर से सहायता राशि वितरित करने में जिस स्तर से भी लापरवाही की गई है उसे एसडीएम संबधित कार्मिक की जिम्मेदारी तय करते हुए स्पष्टिकरण लें। डीएम ने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित किया है कि मानसून अवधि में अतिवृष्टि से होने वाले नुकसान का अधिकारी तत्काल जायजा लेते हुए कार्यवाही करें। कैंप में कई लोगों ने मनरेगा योजना से संबंधित शिकायत की। उन्होंने बताया कि मनरेगा योजना के तहत भुगतान, जियो टैगिंग, कार्य योजनाओं में समस्याएं आ रही है। जिस संबंध में डीएम ने जिला विकास अधिकारी को गौनियारो में मनरेगा योजना के तहत होने वाले ऑन गोइंग और नए कार्यों की विस्तृत जांच के आदेश दिए। कहा कि मनरेगा मांग आधारित योजना है,साथ ही बजट की कमी नहीं होती किंतु कार्मिकों की लापरवाही और मनमानी के कारण लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि जांच में अगर कोई दोषी पाया जाता है,तो सम्बंधित कार्मिक के खिलाफ कार्यवाही की जाए। पीएमजीएसवाई की लगभग 35 किमी सड़क की खस्ता हालात और मानसून से पूर्व नालों की सफाई, झाड़ी कटान न होने पर डीएम ने ईई पीएमजीएसवाई को विभाग के संबंधित अभियंता पर कार्यवाही करने और तत्काल सड़क की परिस्थिति सुधारने के निर्देश दिए। इसके साथ ही एसडीएम धारी को सड़क के कार्य की तकनीकी टीम द्वारा जांच करने के निर्देश दिए । डीएम ने कहा कि मानसून से पूर्व सभी निर्माणदाई एजेंसियों को नाली सफाई, झाड़ी कटान के आदेश दिए गए थे। जिससे मानसून के दौरान लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े ।लेकिन विभाग द्वारा कार्य में लापरवाही देखने को मिल रही है।घरेलू गैस में मिली शिकायत के संबंध में डीएम ने सप्लाई इंस्पेक्टर को सम्बंधित सप्लाई एजेंसी का निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। कहा की भविष्य में इस तरह को शिकायत दुबारा न आए, इसके लिए समय समय पर खुद ही निरीक्षण करें।शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर लोगों की समस्या का निदान और योजना परक जानकारी दी गई। जिसमें पशुपालन विभाग ने 25 पशुपालकों को दवा वितरीत, बाल विकास द्वारा महालक्ष्मी किट, प्रधानमंत्री मात्र वंदना योजना, ग्राम विकास विभाग द्वारा बीपीएल कार्ड, पंचायतीराज द्वारा 15 से अधिक समस्याओं का निस्तारण जिसमें परिवार रजिस्ट्री, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र संबंधित जानकारी दी गयी। उद्यान विभाग द्वारा फसलों में छिड़काव के दवा, कृषि विभाग ने पीएम किसान सम्मान निधि हेतु समस्याओं का निस्तारण और सम्मान निधि के आवेदन पत्र वितरीत किए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 109 लोगों का निशुल्क जांचे और दवा वितरीत की गई।विद्युत विभाग ने कुल 21 समस्याओं निस्तारण किया। जबकि शिविर में आधार कार्ड, विभिन्न आवेदन पत्र,राशन कार्ड पेंशन आदि समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया।इससे पूर्व डीएम ने लुगड़ से गौनियारो तक विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हरीश ताल और लोहाखाम ताल के सौंदर्यपरक और पर्यटन हब के रूप में विकसित करने हेतु जिला पर्यटन अधिकारी को होम कलस्टर योजना से जोड़ने को कहा। इसके साथ ही स्थानीय लोगों के सुझाव हेतु 15 दिन के भीतर बैठक कर रूप रेखा तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम के तहत डीएम ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय मेवाड़ी गाजा में पौध रोपण किया। बड़ोन रेंज में विभिन्न जगह पर नदी से मिट्टी का कटाव हो रहा है इसके लिए सिंचाई विभाग को सुरक्षात्मक कार्यों के साथ वन विभाग को बांस का प्लांटेशन और बायो मेकानिकल मेजर के उपाय करने को कहा। साथ ही लोनिवि को इन स्थलों को चिन्हित करते हुए वायर क्रेट -करालीगाड़ में सिंचाई विभाग को तत्काल राहत हेतु चौनलाइजेशन करने को कहा। इस दौरान विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा, सीएमओ डा श्वेता भंडारी, एसडीएम धारी के एन गोस्वामी, लोनिवि ईई रत्नेश सक्सेना, पीएमजीएसवाई मीना भट्ट सहित अधिकारी और क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

# प्रेमी से मिलने के लिए परिवार वालों को खिलाई थी नींद की गोली

## घर में चोरी को भी दिया था अंजाम, महिला प्रेमी सहित गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कलकत्ता चौकी के पास स्थित भगवानपुर गांव में बीते 24 जुलाई रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा एक घर में धावा बोलकर परिवार के 10 लोगों को नशीला पदार्थ सुंघा कर घर में रखे कीमती सामान लेकर रफू चक्कर होने की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए प्रेमी व प्रेमिका को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि अमरजीत सिंह की पत्नी सुखविंदर का अपने ही गांव के पड़ोसी अमन सिंह पुत्र स्वर्गीय बचन सिंह के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था अमन सिंह को जानकारी थी कि सुखविंदर का पति अमृतसर गया हुआ है। इसी का लाभ उठा कर अमन सिंह ने सुखविंदर से सारी रात मिलने की बात कही तो सुखविंदर ने उसे रात में घर के सदस्यों द्वारा देख लेने की बात कही तब दोनों ने मिलकर घर के सभी सदस्यों को रात के खाने में नींद की गोलियां मिलाकर सुला देने का षडयंत्र रचा ताकि दोनों को मिलते हुए कोई ना देख पाए। परिवार के सभी सदस्यों एवं घर में आए मेहमानों को खाने में नींद की गोलियां देकर सुला दिया गया तथा घर में चोरी का नाटक रचा गया जिससे घर वालों को शक ना हो किंतु पुलिस द्वारा जांच में उक्त घटना का खुलासा कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि कलकत्ता चौकी पुलिस प्रभारी धीरेंद्र पंत द्वारा 24 जुलाई सूचना पर बेहोशी की हालत में एक ही घर के आठ लोगों



को किच्छा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंबुलेंस के माध्यम से भर्ती कराया है जहां पर लोगों की हालत चिंताजनक तो नहीं थी किंतु नशे की हालत में कुछ भी बता पाने में असमर्थ थे। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के उपरांत सभी लोगों को उच्च चिकित्सा हेतु जिला चिकित्सालय रुद्रपुर रेफर कर दिया था। चिकित्सकों का कहना था कि बेहोशी के कारणों का पता लगाने के लिए तथा उचित उपचार के लिए उच्च चिकित्सा हेतु सभी को रेफर किया गया। रेफर किए गए मरीजों में लाभ सिंह पुत्र सत्तार सिंह, लक्ष्मी कौर पत्नी लाभ सिंह उम्र 58 वर्ष, प्रिंस पुत्र मनजीत सिंह उम्र 12 वर्ष, संतोख सिंह मरियम सिंह और 60 वर्ष ,शीला कौर जत्तार सिंह थे। पुलिस द्वारा की गई जांच पड़ताल में वह पूछताछ से परिवार के सदस्य सुखविंदर कौर पर पुलिस का बाहर आने लगा तो पुलिस ने पूछताछ में शक्ति अपनाते हुए मामले का खुलासा कर हालांकि जिस तरह मौके की परिस्थितियों की परिस्थितियों क्रिएट की गई थी उससे प्रतीत हो रहा था कि उक्त घटना को अंजाम देने के लिए जहर खुरान गिरोह किस्म के चोरों ने चोरी करने का प्रयास किया है किंतु जिस तरीके से गुमराह करने के लिए घटनास्थल को क्रिएट किया गया था उसे पुलिस का सब गहरा गया। शक के आधार पर पुलिस द्वारा मामले का खुलासा करते हुए प्रेमी और प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया तथा घर से गायब सामान भी बरामद किया गया है। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा वरिष्ठ उप निरीक्षक उमेश कुमार व उप निरीक्षक धीरेंद्र पंत चौकी प्रभारी, कांस्टेबल हरीश मेहरा कांस्टेबल यशपाल आर्य कांस्टेबल गीता शामिल थे।

# मुख्यमंत्री की घोषणाओं से संबंधित कार्यों को शीघ्र पूरा करें: सीडीओ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने गांधी हॉल विकास भवन मुख्यमंत्री द्वारा जनपद हेतु की गयी 24 घोषणाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की। मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न विभागों से संबंधित मुख्यमंत्री घोषणाओं में लंबित /कार्याधीन घोषणाओं पर प्रगति समीक्षा करते हुए डीपीआर, निविदा,भूमि चयन,विवाद आदि सभी प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की व उनमें आ रही समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं से संबंधित सभी योजना कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र पूरा कर लिया जाये ताकि मुख्यमंत्री का जन सामान्य को लाभान्वित करने का उद्देश्य पूर्ण हो सके व प्रशासन का बेहतर प्रदर्शन जनता के सम्मुख प्रस्तुत हो सके।उन्होंने कहा कि जनपद में कुल 24 घोषणाओं में आ रही समस्याओं के अन्य या विभिन्न विभागों से संबंधित होने पर आपसी समन्वय बनाते हुए यथाशीघ्र समस्या का निराकरण करने व कार्य सुचारू करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्य योजनाओं को लंबित रखना प्रशासन के लिए ठीक नहीं है अत: समय से डीपीआर प्रेषित करें व गतिमान कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि लंबित घोषणाओं के संबंध में कोशिश करें कि माह में एक बार जिलाधिकारी कार्यालय से विभागीय सचिव को अनुस्मारक पत्र चला जाये। उन्होंने आपसी पत्राचार को डीएसटीओ के माध्यम से करने के निर्देश भी दिये। जनपद स्तर पर गतिमान घोषणाओं की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि बॉन्ड अवधि के अंदर ही कार्यों को पूरा कर लें। उन्होंने कहा कि जिन योजना अन्तर्गत कार्यस्थल पर गैर–प्रतिबंधित पेड़ काटे जाने हैं उन्हें काटे जाने से पूर्व दस गुना पेड़ नजदीकी क्षेत्र में लगाये जाये। उन्होंने खटीमा के विभिन्न क्षेत्रों में बाढ़ सुरक्षा हेतु किये जाने वाले कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दिये।बैठक में जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक डी0 एस0 राजपूत , एसीएमओ डा0 एस0पी0 सिंह, अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण निर्माण विभाग पंकज कुमार,अधिशासी अभियन्ता सिंचाई पी0सी0 पांडे, अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



# डीपीएस में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिल्ली पब्लिक स्कूल की ओर से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को सर्वोपरि रखते हुए चेयरमैन सुरजीत सिंह द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर ख्याति सैनी गोल्ड मेडलिस्ट (बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री), डॉ. अजय पाल सिंह (बी. डी. एस डेंटल सर्जन),



डॉक्टर दीपिका जैन (फेशियल एस्थेटिक्स), डॉक्टर प्रियंका पांडे (फिजिशियन) ने आंख, दांत, गला, त्वचा की देखभाल आदि की जाँच की और विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित डॉक्टरों द्वारा परामर्श दिया गया। शिविर में प्रथम दिन कक्षा 2 से कक्षा 4 तक के विदयार्थियों की जांच की गई। विद्यालय में समय समय पर स्वास्थ्य शिविर लगाया जाता है ताकि विद्यर्थी के स्वास्थ्य के प्रति सजग और सचेत रहें।

# आरएएन में रोटरी क्लब ने आयोजित किया चिकित्सा शिविर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर.ए. एन. पब्लिक स्कूल डिबडिबा बिलासपुर में रोटरी क्लब के सौजन्य से 'आरोग्यम



कार्यक्रम' के तहत नेत्र एवं दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया ।तत्पशात विद्यालय के डायरेक्ट मोहित राय ने विशिष्ठ अतिथियों को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया ।उन्होने बच्चों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने का संदेश दिया । नेत्र विशेषज्ञ डॉ. नूतन दर्डा जैन और दंत चिकित्सक डॉ. मणि कुमार खुराना अग्रसेन अस्पताल रुद्रपुर ने रोटरी क्लब ए.डी. जी. जगदीश बिष्ट के सहयोग से अपनी टीम के साथ बच्चों के नेत्र एवं दाँतों की परिक्षण किया । विद्यालय के डायरेक्टर मोहित राय, निर्देशिका श्रीमती निधि राय एवं स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती ममता बिष्ट ने शिविर में भाग लिया तथा बच्चों को प्रेरित किया और स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। यह आयोजन सब के सहयोग से सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

# नन्हे मुन्ने बच्चों ने कविता पाठ से किया मंत्रमुग्ध

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में लिटिल किंगडम प्रिपेरटॉरी स्कूल में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा दूसरी से पांचवी तक के बच्चों ने वीर रस पर सुंदर कविताएं सुनाई । कविता हमें अपनी खुशियों, जुनून और यादों कोघ व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करती है कविता हमारे मन को शांति और सुकून देती है कविता हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है । कवि सम्मेलन में कक्षा 2 से आराध्या चौहान, श्रेयसी सिंह कक्षा 3 से कार्तिक जोशी, मंथन श्रीवास्तव , काव्यांश भोज कक्षा चार से करन राय , परमीत सिंह , श्रेया सिंह लोधी , अनाया मरियम शेख, समायरा खान कक्षा 5 से दीपक राजपूत, आदित्य वटस , गौरीश सिंह , मुद्रा रावत दीपिका भट्ट , याशिता वर्मा , आयत खान ने प्रतिभाग किया । कवि सम्मेलन के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती चरणजीत कौर व विद्यालय संचालक लक्ष्य शर्मा ने सभी छात्रों को संबोधित किया अपने संबोधन में प्रधानाचार्य ने बच्चों की प्रशंसा की वह उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा विद्यालय संचालक ने सभी बच्चों को अपनी स्वरचित कविता सुनाकर उनका उत्साह वर्धन किया तथा सभी को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।



# जरायम कारोबारियों से पुलिस वसूल रही है हफ्ता

काशीपुर(उद संवाददाता)। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी के आदेशों को पैगा चौकी में तैनात पुलिसकर्मी चंद्र रूपयों के लालच में ठेंगा दिखाने का काम कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो इस चौकी क्षेत्र की आधा दर्जन गांव अवैध कच्ची शराब बनाने व बेचने के मामले में कुख्यात है। उपरोक्त गांव में प्रतिदिन लाखों लीटर शराब बनाई और बेची जाती है। खाईखेड़ा कटैया कनकपुर बरखेड़ी आदि गांव में कथित तौर पर पुलिस के संरक्षण में अवैध कच्ची शराब की भट्ठियां खुलेआम धधकती है। सूत्रों का कहना है कि कारखास का लबादा ओढ़कर पुलिस कर्मी कच्ची शराब के कारोबारियों से बाकायदा हफ्ता वसूल कर रहे हैं। पुलिस कर्मियों की इस कारगुजारी से जहां एक और मित्र पुलिस की छवि धूमिल हो रही है वहीं दूसरी ओर युवाओं में नशे का क्रेज बढ़ रहा है। नई पीढ़ी के युवा नशे की गर्त में जा रहे हैं। राज्य की सीमा पर स्थापित पुलिस चौकी में दायित्वों को लेकर घोर लापरवाही बरतने का भी मामला प्रकाश में है। लंबे समय से तैनात पुलिस कर्मियों को स्थानांतरित किया जाना अति आवश्यक हो गया है। सूत्रों का कहना है कि रात के अंधेरे में तथा सुबह सवेरे यह पुलिसकर्मी यूपी की सीमा से उत्तराखंड की सीमा में प्रवेश करने वाले ईंटों भरे ओवर लोड वाहनों से अवैध वसूली करते हैं। इस तरह चौकी में तैनात कतिपय पुलिसकर्मी नोटों के रूप में चांदी काटने को लेकर कप्तान के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

# 15 हजार पौधे लगाने के अभियान का हुआ शुभारम्भ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिंदगी जिंदाबाद संस्थाक की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए 15 हजार पौधे लगाने के अभियान का जिला अधिकारी जिला उदयराज सिंह, जिंदगी जिंदाबाद के अध्यक्ष करमजीत सिंह चाना, उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी परिषद के अध्यक्ष अवतार सिंह बिष्ट ने संयुक्त रूप से शुभारम्भ किया। अभियान की शुरूआत जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में पौधा लगाकर की गयी। इस दौरान करमजीत सिंह चानना ने बताया कि जिंदगी जिंदाबाद के द्वारा उधम सिंह नगर में 15000 पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है । इस अवसर पर जिंदगी जिंदाबाद के द्वारा चार पहिया गाड़ी को सजाकर जिसमें जिंदगी जिंदाबाद के द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख था।





फलदार एवं छायादार पेड़ों से लदी हुई गाड़ी का जिला अधिकारी उदयराज सिंह उधम सिंह नगर के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। पौधारोपण शुभारंभ के अवसर पर उप जिला अधिकारी मनीष बिष्ट, उप जिलाधिकारी गौरव पांडे, (डी,एफ,ओ) प्रभागीय वन अधिकारी उमेश चंद्र तिवारी, जिंदगी जिंदाबाद बलजीत कौर, प्रियंका सचदेवा, तनिषा अरोड़ा ,हरजिंदर सिंह लाडी, हरविंदर चुघ, लवली लांबा , परविंदर सिंह रंजीत सिंह, आदि लोग उपस्थित थे

# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## खनिजों पर स्वामित्व कर

केंद्र और राज्यों के बीच करों के बंटवारे को लेकर कई बार विवाद उठ चुके हैं। केंद्रीय कर प्रणाली जीएसटी लागू होने के बाद भी कुछ चीजों पर करों और उपकरों के बंटवारे को लेकर सवाल उठते रहे हैं। खनिजों के स्वामित्व का प्रश्न भी उनमें एक है। केंद्र सरकार ने खनिजों पर कर और उपकर लगाना शुरू किया, तो कुछ कंपनियों और राज्य सरकारों ने इस पर सवाल उठाए। आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय ने अब स्पष्ट कर दिया है खनिजों पर राज्य सरकारों का हक होता है। वे उनका पट्टा देने को स्वतंत्र हैं। इसके लिए किए गए करार की एवज में वे जो शुल्क प्राप्त करती हैं, उसे कर नहीं कहा जा सकता। वह रायल्टी की श्रेणी में आता है। रायल्टी को कर नहीं कहा जा सकता। इस फैसले से खासकर ओड़ीशा और झारखंड को बड़ी राहत मिली है। हालांकि करीब पैंतीस वर्ष पहले भी एक सीमेंट कंपनी ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष यह मामला उठाया था कि केंद्र सरकार उससे उपकर नहीं वसूल सकती। तब अदालत ने कहा था कि खनिजों पर कर लगाने का अधिकार केंद्र सरकार को है। मगर दूसरे मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने करीब बीस वर्ष पहले उस फैसले को पलटते हुए कहा कि पुराना फैसला छापे की गलती से भ्रामक हो गया था। केंद्र को खनिजों पर कर लगाने का अधिकार नहीं है।अब नौ न्यायाधीशों की पीठ ने इस मामले पर बहुमत से फैसला दिया है कि खनिजों पर राज्य सरकारों का अधिकार है। दरअसल, यह मामला इसलिए उलझा हुआ था कि संविधान में केंद्र को खदानों के आबंटन से संबंधित सीमाएं तय करने का अधिकार केंद्र सरकार को दिया गया है। मगर जमीन, भवन आदि पर शुल्क लगाने का अधिकार राज्य सरकारों को है। इसलिए केंद्र सरकार खनिजों पर कर लगाने लगी थी। अब सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया है कि खनिज राज्य सरकार की संपदा हैं, इसलिए वह उसके पट्टे की कीमत तय कर सकती है। अगर खनिजों पर भी केंद्र सरकार कर वसूलने लगेगी, तो राज्यों को अपनी विकास परियोजनाओं के लिए धन जुटाना मुश्किल हो जाएगा। इस फैसले के बाद राज्य सरकारें केंद्र द्वारा वसूला गया कर वापस दिलाने की गुहार लगा रही हैं। हालांकि इसका निपटारा किस प्रकार होगा, देखने की बात है।राज्य सरकारों में अक्सर इस बात को लेकर असंतोष देखा जाता है कि केंद्र को जिस अनुपात में उनसे राजस्व प्राप्त होता है, उस अनुपात में उन्हें बजटीय आबंटन नहीं मिलता। जबसे जीएसटी लागू हुआ है, राज्यों में अपने हिस्से का राजस्व प्राप्त करने के लिए संघर्ष उभरता रहा है। इस तरह कई राज्यों में विकास परियोजनाएं ठहर जाती हैं। जाहिर है, सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले के बाद उन राज्यों को अपना राजस्व जुटाने में काफी मदद मिलेगी, जहां खनिज पदार्थों की बहुलता है। ओड़ीशा, मध्यप्रदेश, झारखंड आदि राज्यों में कोयला, सीमेंट, लौह अयस्क, पेट्रोलियम आदि पदार्थों की खदानें हैं, मगर वे उनका पूरा लाभ नहीं ले पातीं, क्योंकि उन पर अभी तक केंद्र सरकार भी अपना हक जताती आ रही थी। यह ठीक है कि राज्यों से प्राप्त राजस्व से ही केंद्र सरकार पूरे देश की विकास परियोजनाओं में संतुलन कायम करती है, मगर उनकी आय के निजी स्रोत नहीं होंगे, तो वे केंद्र के सामने हर वक्त याचक की मुद्रा में ही होंगी। इसलिए खनिज संपन्न राज्यों में कुछ बेहतरी की उम्मीद जगी है। मगर केंद्र को खनिजों के मनमाने दोहन पर नजर तो रखनी ही होगी।

# चार अगस्त को केदारनाथ में होगा पदयात्रा का समापन

## कांग्रेस ने केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा पदयात्रा के लिए राहुल गांधी को किया आमंत्रित




देहरादून/ श्रीनगर। कांग्रेस की केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा पदयात्रा के समापन पर सांसद राहुल गांधी भी आ सकते हैं। चार अगस्त को केदारनाथ धाम में पूजा पाठ और जलाभिषेक के साथ यात्रा का समापन होगा।प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने हाईकमान और राहुल गांधी को पदयात्रा में आने का निमंत्रण भेजा है। 24 जुलाई को हरिद्वार स्थित हरकी पैड़ी से शुरू हुई यात्रा तीसरे दिन देवप्रयाग पहुंची। पदयात्रा का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा कर रहे हैं। यात्रा में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी साथ चल रहे हैं। श्रीनगर, धारी देवी, रुद्रप्रयाग, अगस्त्यमुनि, गुप्तकाशी, फाटा, सोनप्रयाग होते हुए चार अगस्त को केदारनाथ धाम पहुंचेगी। चार अगस्त को पूजा पाठ के साथ यात्रा का समापन होगा। समापन समारोह में आने के लिए प्रदेश कांग्रेस ने राहुल गांधी व हाईकमान को निमंत्रण भेजा है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी शैलजा कुमारी के साथ भी प्रदेश पदाधिकारियों ने दिल्ली में बैठक की। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन मथुरा दत्त जोशी ने बताया, केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा पदयात्रा में पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं को बुलाने की तैयारी चल रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओर से निमंत्रण भेजा गया है। कांग्रेस की केदारनाथ प्रतिष्ठा यात्रा चौथे दिन देवप्रयाग संगम और श्री रघुनाथ मंदिर में पूजा अर्चना के बाद मलेथा के लिए रवाना हुई। संगम स्थल से चौथे दिन की यात्रा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि भाजपा लोगों की आस्था में कुठाराघात कर रही है। माहरा ने कहा कि इसका ताजा उदाहरण केदारनाथ मंदिर का डुब्लिकेट दिल्ली में बनाने का षड्यंत्र भाजपा कर रही है। वहीं भाजपा ने नमामि गंगे के तहत बनाए शौचालय के पिट नदी के पास ही बना दिए हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण देवप्रयाग संगम में बना नमामि गंगे का शौचालय है। कहा कि भाजपा केवल लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम करती है।

# राज्यपाल ने वीर नारियों को किया सम्मानित



देहरादून (उद संवाददाता)।25वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आरआईएमसी देहरादून के थिमैया ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रतिभाग करते हुए इस दिन के महत्व पर प्रकाश डाला और ऑपरेशन विजय के वीर सैनिकों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत मनमोहक सैन्य बैंड सिम्फनी के साथ हुई, जिसमें गढ़वाल रेजिमेंटल सेंटर, कुमाऊं रेजिमेंटल सेंटर और बंगाल इंजीनियर्स ग्रुप एण्ड सेंटर के प्रसिद्ध बैंडों ने प्रदर्शन किया। सैन्य बैंड ने देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत संगीत धुनों की प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में राज्यपाल ने उत्तराखंड की 20 'वीर नारियों' को उनकी अटूट हिम्मत व सहनशीलता के लिए और ऑपरेशन विजय के तीन वीरता पुरस्कार विजेताओं को उनकी वीरता और पराक्रम के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने सिम्फनी बैंड की सराहना की और सेना और उत्तराखण्ड राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को याद किया। राज्यपाल ने हमारे युद्ध नायकों के सर्वोच्च बलिदान को याद किया और दर्शकों से उनकी विरासत को बनाए रखने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान हमारे वीर सैनिकों ने हम सभी 140 करोड़ देशवासियों के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि शहीदों के परिवारजनों की देखभाल करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के वीर सैनिकों ने इस युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कई वीरों ने अपना सर्वोच्च बलिदान देश सेवा के लिए दिया। हमें उन वीर शहीदों की कहानियों से सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आतंकवाद, छद्मयुद्ध जैसी चुनौतियों के लिए तैयार रहना होगा। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों के समकक्ष कोई अन्य सेना नहीं है।इस कार्यक्रम में आईएमए के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल मनीष जैन, जीओसी सब एरिया मेजर जनरल आर. प्रेमराज, जीओसी 14 इन्फैंट्री डिवीजन मेजर जनरल टी. एम. पटनायक, डिप्टी जीओसी सब एरिया ब्रिगेडियर संजोग नेगी सहित सेवारत और सेवानिवृत्त वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों, पूर्व सैनिकों और वीर नारियों ने प्रतिभाग किया।

# परमाणु ऊर्जा में आत्मनिर्भर होता देश

## लघु परमाणु संयंत्रों से होगा बिजली का उत्पादन

2024-25 के आम बजट में लघु परमाणु संयंत्रों के लिए सरकार ने बड़े बजट का प्रावधान किया है। परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में यह नया प्रयोग है। पहली बार निजी कंपनियों को लघु परमाणु संयंत्र समूचे देश में स्थापित करने का अवसर दिया जाएगा। साथ ही मॉड्यूलर (प्रतिरूपक) रिएक्टर के आधुनिकीकरण के लिए शोध और विकास पर भी धनराशि खर्च की जाएगी। जिससे परमाणु ऊर्जा में नई प्रौद्योगिकी का विकास हो इसे पीपीपी मोडल पर क्रियांवित किया जाएगा। इसका उद्देश्य देश में स्वच्छ एवं वैकल्पिक बिजली को बढ़ावा देना है। साथ ही प्रधानमंत्री सूर्य घर निशुल्क बिजली योजना के तहत छतों पर जो सौर संयंत्र लगाए जा रहे हैं, इन पर भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली छूट जारी रहेगी। अभी तक इस योजना के लाभ के लिए 1.28 करोड़ परिवार पंजीयन करा चुके हैं और 14 लाख आवेदन विचाराधीन हैं। इस योजना से 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) उन्नत परमाणु संयंत्र माने जाते हैं। इनकी बिजली उत्पादन क्षमता 300 मेगावाट प्रति इकाई है, जो पारंपरिक परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की बिजली उत्पादन क्षमता की तुलना में एक तिहाई है। ये संयंत्र न्यूनतम कार्बन बिजली का उत्पादन करते हैं। विकसित भारत के लिए ऊर्जा की उपलब्धता एक बड़ी जरूरत है। इसलिए सरकार सिर्फ पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भर नहीं रहना चाहती है। इसीलिए सौर और पवन ऊर्जा पर सरकार पहले ही काफी कुछ कर चुकी है। अतएव अब फोकस परमाणु ऊर्जा पर है। क्योंकि इसमें संभावनाएं अधिक है। आम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऊर्जा सुरक्षा को सरकार की नौ प्राथमिकताओं में गिनाया है। ऊर्जा बदलाव के संबंध में एक नीतिगत दस्तावेज तैयार करने की बात भी कही गई है। इससे यह तय होगा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में किस तरह से पारंपरिक ऊर्जा की जगह धीरे-धीरे अपारंपरिक ऊर्जा के स्रोत का महत्व बढ़ रहा है। यह दस्तावेज ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार, विकास और पर्यावरण से जुड़े मुद्दों का भी समाधान खोजेगा। अतएव इसी परिप्रेक्ष्य में निकेल, कोबाल्ट, तांबा और लिथियम जैसी धातुओं के उत्पादों के आयात पर शुल्क घटाने का भी ऐलान किया है। इन उत्पादों का प्रयोग परमाणु और सौर ऊर्जा के साथ दूसरे ऊर्जा उत्सर्जन उपायों में भी होता है। आयात सस्ता होने से इनका निर्माण भारत में करने में आसानी होगी। यही नहीं परमाणु ऊर्जा, नवीनीकरण ऊर्जा और अंतरिक्ष एवं रक्षा क्षेत्रों में इस्तेमाल होने वाली 25 धातुओं पर सीमा शुल्क को पूरी तरह खत्म कर दिया है। हाल ही के वर्षों में कुछ देशों ने छोटे परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने में सफलता मिली है। इसी का अनुसरण भारत कर रहा है। भारत में एक ओर अर्से से अटकी परमाणु बिजली परियोजनाओं में विद्युत का उत्पादन शुरू हो रहा है, वहीं निजी निवेश से परमाणु ऊर्जा बढ़ाने के प्रयास हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के सूरत जिले के तापी काकरापार में 22,500 करोड़ रुपए की लागत से बने 700-700 मेगावाट बिजली उत्पादन के दो परमाणु ऊर्जा संयंत्र 22 फरवरी 2024 को राष्ट्र को समर्पित कर दिए। ये देश के पहले स्वदेशी परमाणु ऊर्जा संयंत्र हैं। ये उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से युक्त हैं। ये संयंत्र प्रतिवर्श लगभग 10.4 अरब यूनिट स्वच्छ बिजली का उत्पादन करेंगे। जो गुजरात में बिजली की आपूर्ति के साथ अन्य प्रांतों को भी बिजली देंगे। ये संयंत्र शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ने की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होंगे। दूसरी तरफ भारत सरकार ने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी कंपनियों से 26 अरब डॉलर का निवेश आमंत्रित किया है। यह पहल ऐसे स्रोतों से बिजली बनाने की मात्रा बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम है, जो वायुमंडल में प्रदुषण और तापमान बढ़ाने वाले कार्बनडाड ऑक्साइड का उत्सर्जन नहीं करते हैं। यह पहली बार है जब परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सरकार निजी कंपनियों से पूंजी निवेश की मांग कर रही है। फिलहाल भारत में परमाणु ऊर्जा कुल बिजली उत्पादन की तुलना में महज दो प्रतिशत भी नहीं है। यदि यह निवेश बढ़ता है तो 2030 तक अपनी स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत गैर जीवाश्म ईंधन के उपयोग से प्राप्त लक्ष्य को हासिल करने में सहायता मिलेगी। वर्तमान में यह 42 प्रतिशत है। सरकार इस सिलसिले में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा पावर, अदाणी पावर और वेदांत लिमिटेड सहित पांच निजी कंपनियों से बात की है। प्रत्येक कंपनी को 5.30 अरब डॉलर का निवेश करने को कहा गया है। इस सिलसिले में परमाणु ऊर्जा विभाग और न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) ने इस निवेश के बाबत बीते वर्ष निजी कंपनियों के साथ कई दौर की बातचीत की हुई है। सरकार को इस निवेश से 2040 तक 11000 मेगावाट नई परमाणु बिजली उत्पादन क्षमता की उम्मीद है। फिलहाल एनपीसीआइएल के पास 7500 मेगावाट की क्षमता वाले परमाणु ऊर्जा संयंत्र काम कर रहे हैं। इसमें और बढ़ोत्तरी के लिए 1300 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है, जो निवेश से संभव हो सकेगा। निजी कंपनियों के साथ परमाणु ऊर्जा विभाग की शर्तों में परमाणु संयंत्रों के उपकरणों के साथ भूमि और पानी के प्रबंधन में होने वाला खर्च कंपनियां उठाएंगी। हालांकि संयंत्र के निर्माण, संचालन और उसमें प्रयुक्त होने वाले ईंधन का अधिकार एनपीसीआईएल के पास रहेगा। निजी कंपनी इन संयंत्रों में बनने वाली बिजली बेचकर राजस्व प्राप्त करने की आधिकारी होंगी और एनपीसीआईएल परियोजना के संचालन का शुल्क वसूल करेगा। अतएव कहा जा सकता है कि ये शर्तें व्यावहारिक होने के साथ सरकार और कंपनी दोनों के लिए ही लाभदायी साबित होंगी। साथ ही बड़ी मात्रा में नए कुशल और अकुशल रोजगार का सृजन होगा। परमाणु ऊर्जा परियोजना के विकास का यह हाईब्रिड नमूना परमाणु क्षमता स्थापित करने में भविष्य में अत्यंत मददगार साबित होगा। इस योजना के लिए परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1962 में किसी भी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता नहीं पड़ी है। फिलहाल हमारे यहां दो तरह के परमाणु रिएक्टर हैं। एक गर्म पानी का जिसे बॉयलिंग वॉटर रिएक्टर और दूसरे को प्रेशराइज्ड हैवी वाटर रिएक्टर कहा जाता है। इनमें प्राकृतिक यूरेनियम का प्रयोग होता है। यूरेनियम के अणुओं के विखंडन के लिए, पहले रिएक्टर में अति उच्च दबाव और तापमान में पानी को खोलाया जाता है, जिससे अणु विखंडित होकर ऊर्जा में परिवर्तित हों। यह प्रक्रिया लगातार टरबाइन में चलती रहती हैं। इसे टरबाइन ब्लेड में चलाने की प्रक्रिया के साथ ऊर्जा उत्सर्जित होने लगती है। दूसरे रिएक्टर में ऊर्जा पानी के भारी दबाव से बनती है और इसमें पानी की मात्रा की बहुत ज्यादा जरूरत होती है। इसीलिए ये संयंत्र समुद्री तटों पर लगाए जाते हैं। गुजरात के तापी काकरापार परमाणु संयंत्र में बिजली पानी के उच्च दबाव से बनेगी। हालांकि अभी तक परमाणु ऊर्जा क्षमता में वृद्धि के लक्ष्य को सरकार हासिल करने में असफल रही है। इसका एक प्रमुख कारण परमाणु ईंधन आपूर्ति की कमी रही है। 2010 में इस हेतु मनमोहन सिंह सरकार ने रीप्रोसेस्ड परमाणु ईंधन की आपूर्ति के लिए अमेरिका से करार किया हुआ है। साथ ही एक बड़ी समस्या परमाणु ऊर्जा उत्पादन के दौरान होने वाली किसी दुर्घटना के लिए कड़े मुआवजा कानूनों का होना है। यही वजह है कि परमाणु संयंत्रों से ऊर्जा उत्पादन के काम वर्षों से अधर में लटके हुए थे, जो अब काकरापार परमाणु ऊर्जा संयंत्र में बिजली उत्पादन के साथ, लगता है गति पकड़ेंगे। दरअसल अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल के दौरान छह साल से अटके असैन्य परमाणु ऊर्जा अनुबंध पर समझौता नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल की शुरूआत में ही हो गया था। इस करार की बड़ी सफलता यह रही कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व कौशल के चलते भारत को झुकना नहीं पड़ा और अमेरिका संतुष्ट हो गया। इस मुद्दे के सिलसिले में दोनों देशों ने चतुराई यह बरती कि परमाणु ऊर्जा नागरिक उत्तरदायित्व अधिनियम में संशोधन की जरूरत नहीं पड़ी। इस परमाणु करार को अमल में लाने के बाबत सबसे बड़ी बाधा 'परमाणु ऊर्जा नागरिक उत्तरदायित्व अधिनियम' का उपबंध 17 था। इस धारा में प्रावधान है कि यदि अमेरिकी उपकरणों के कारण भारत में कोई त्रासदी होती है तो परमाणु संयंत्र प्रदायक कंपनी को नुकसान की भरपाई करनी होगी। जाहिर है, यह शर्त दुर्घटना होने की स्थिति में आपूतिकर्ता को सीधे-सीधे जिम्मेबार ठहराती है। इसीलिए 2008 में इस समझौते के हो चुकने के बावजूद कोई विदेशी परमाणु ऊर्जा कंपनी भारत नहीं आई। जबकि डॉ मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार ने इस करार को लागू करने के लिए सरकार ही दांव पर लगा दी थी। इस कानून में संसद में वामदलों की मांग के चलते यह कठोर शर्त जोड़ी गई थी। इस शर्त को शामिल किए जाने के सिलसिले में अमेरिका और फ्रांस जैसे देशों का कहना था कि भारत वैश्विक नियमों का पालन करे। इन नियमों के तहत दुर्घटना की प्राथमिक जिम्मेदारी संचालित कंपनी की होती है। इस क्रम में भारत की दुविधा यह थी कि हमारे यहां सभी परमाणु संयंत्रों का संचालन सरकारी कंपनी 'भारतीय नाभिकीय ऊर्जा निगम' करती है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करने का मतलब था, दुर्घटना की स्थिति में सरकार को मुआवजे की अदायगी झेलने की मजबूरी ? उत्तरदायित्व कानून में एक अन्य विवादास्पद शर्त दुर्घटना के समय असीमित जिम्मेदारी की भी जुड़ी थी। इस शर्त की वजह से अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा कंपनियों को बीमाकर्ता कंपनी तलाशने में मुश्किलें पेश आ रही थीं, क्योंकि कोई भी बीमा कंपनी परमाणु संयंत्रों से जुड़ी दुर्घटना का संपूर्ण बीमा भार झेलने का जोखिम नहीं उठाती। दरअसल ऐसा इसलिए है, क्योंकि परमाणु दुर्घनाएं इतनी बड़ी और व्यापक हो सकती हैं कि कोई एक दो बीमा कंपनियां इसकी भरपाई कर ही नहीं सकतीं ? रूस के चेर्नोबिल और जापान के फुकुशिमा में घटी परमाणु दुर्घटनाएं इसकी बानगियां हैं। इस नजरिए से लघु परमाणु ऊर्जा संयंत्र भविष्य में उपयोगी साबित हो सकते हैं।

**-प्रमोद भार्गव, लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

# दो दिवसीय नवाचारी शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गदरपुर में आयोजित 2 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी शावेद आलम ,प्रकाश शर्मा, प्राचार्या श्रीमती रश्मि आर्या,श्रीमती नंदिनी शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अगस्त्या इन्टरनेशल फाउंडेशन ने उत्कृष्ट शिक्षाविदों और विशेषज्ञों के सहयोग से आयोजित नवाचारी शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में बताया गया कि बताया गया कि यह पहल शिक्षा क्षेत्र के लिए आशा का प्रकाश करती है,जो शिक्षकों को आधुनिक शैक्षणिक चुनौतियों को सफलतापूर्वक संभालने के लिए आवश्यक उपकरणों और कौशलों से लैस करने का उद्देश्य रखती है। यह कार्यक्रम विभिन्न मॉड्यूलों को कवर करने वाला एक समग्र प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करता है, जो शिक्षण पद्धतियों को संशोधित करने, छात्र सहभागिता को प्रोत्साहित करने और गतिशील कक्षा वातावरण को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है। कार्यशालाओं, सेमिनारों, और हैंड्स-ऑन सत्रों के मिश्रण के माध्यम से शिक्षक विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षण तकनीकों का उपयोग करने के लिए आत्मविश्वास प्राप्त करेंगे, जो विविध शैक्षणिक शैलियों को सेवा करते हैं और समूचे छात्र विकास को प्रोत्साहित करते हैं। इस दौरान शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की ओर शिक्षाविदों को प्रेरित किया गया। विकाश तिवारी (रीजनल हेड) और रोहित (एरिया लीड) आदि के मार्गदर्शन में अजब सिंह धाकड , मिस शिवानी पपनेजा,और मिस नेहा नरूला ने शिक्षकों को प्रशिक्षण करवाने में मदद की। इसके अतिरिक्त बताया गया कि कार्यक्रम शिक्षा में तकनीक को समाहित करने के महत्व को भी दर्शाता है। शिक्षकों को डिजिटल उपकरणों का उपयोग बढ़ावा देने और मूल्यांकन के लिए विशेषज्ञता प्रदान करके कार्यक्रम शिक्षाविदों को यह सुनिश्चित करता है कि वे 21वीं सदी के छात्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार हैं और शैक्षिक संस्थानों में जीवन भर की शिक्षा की संस्कृति को स्थापित करते हैं।





# धन की अपेक्षा धर्म श्रेष्ठ है: विजय शास्त्री

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के सप्तम दिवस की कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि धन की अपेक्षा धर्म श्रेष्ठ है, धन इस लोक में कुछ सुख देता है और कभी कभी दुख भी देता है, किंतु धर्म तो जीवन और परलोक दोनों को उजागर करता है, धर्म मृत्यु के बाद भी साथ साथ आता है, शास्त्र की रचना मनुष्य के कल्याण के लिए ही की गई है जो धर्म छोड़ देता है उसके विचार भी अशुद्ध हो जाते हैं, धर्म माता-पिता है, माता-पिता की सेवा करना पुत्र का धर्म है, धर्म की मर्यादा का पालन ठीक तरह से करोगे तो ज्ञान अपने आप ही प्राप्त होगा। प्रसाद की सेवा गोपाल सक्सेना (उपकोषाध्यक्ष श्री सनातन धर्म सभा) के परिवार द्वारा दी गई।



# विधायक पाण्डे ने किया पौधारोपण का शुभारम्भ



गूलरभोज(उद संवाददाता)।नगर पंचायत द्वारा चलाये जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान का विधायक अरविंद पांडे द्वारा शुभारंभ किया गया। इस दौरान सड़क के किनारे नगर पंचायत द्वारा पौधे लगाए गए और ग्रीन सिटी बनाने का लक्ष्य रखा गया । इस अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री वर्तमान विधायक अरविंद पांडे, चेयरपर्सन अनिता दुबे, अधिशासी अधिकारी आशीष नेगी, तरुण दुबे, संजीव भटेजा, सतीश चुघ, नंदन सिंह कोश्यारी, चमन लाल रल्हन, बिट्टू यादव, अमित कुमार गुप्ता, रमेश सागर, कृष्णपाल सिंह, भूपेंद्र आर्य, राजू पाठक,शेष नारायण शुक्ला,गुरमेल सिंह, राजेश सिंह, उदयभान, रामकिशन दहूजा, रमेश खोलिया, मुकेश राजभर, जगदीश सिंह, प्रेम सागर प्रकाश आर्य आदि उपस्थित थे।

# राजकीय वाहन चालक महासंघ की जिला कार्यकारिणी गठित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। राजकीय वाहन चालक महासंघ उधम सिंह नगर की विकास भवन सभागार में आयोजित हुई एक बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे जिलाध्यक्ष गोकुल चन्द, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश चन्द



आर्य, उपाध्यक्ष बच्चन पाल सिंह, जिला मंत्री बब्बन राम, कोषाध्यक्ष श्रीराम, सयुंक्त मंत्री मंडल शिव वचन राणा, संगठन मंत्री संतोष गोस्वामी, प्रचार मंत्री श्री कृष्ण सैनी आडिटर पुरुषोत्तम चुने गए। बैठक में संगठन के सभी वाहन चालक मौजूद थे।

# छत्यानी में बनेगा भूमियाल देवता का दिव्य व भव्य मंदिर

गरुड़(उद संवाददाता)। तहसील की गोमती घाटी के छत्यानी गांव में भूमियाल देवता का भव्य व दिव्य मंदिर बनेगा। ग्रामीणों के आर्थिक सहयोग से मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। निर्माण कार्य में गांव के युवा व महिलाएं श्रमदान कर रही हैं। छत्यानी में विशाल भूमियाल देवता के मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। मंदिर के लिए ग्रामीणों ने अपनी भूमि दान में दी है। कई ग्रामीणों ने आर्थिक सहयोग किया है। कुछ ग्रामीण, युवा व महिलाएं श्रमदान कर रहे हैं। गांव के वरिष्ठ नागरिक रणजीत सिंह भंडारी ने बताया कि जिस स्थान पर मंदिर बन रहा है, वहां पर पूर्व में एक छोटा सा मंदिर था। अब सभी के सहयोग से विशाल, भव्य व दिव्य मंदिर बन रहा है। मंदिर निर्माण को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह है।

## पेज एक का शेष...

**न्याय न मिला तो 11 अगस्त को ..........**अपने द्वारा कराये गए उक्त त्रिपक्षीय समझौतों को लागू कराने से साफ साफ मुकर रहे हैं।यही हाल नील मेटल, रॉकेट इंडिया, ऑटो लाइन, एलजीबी सहित सिडकुल की अन्य कम्पनियों का भी है। मोर्चा प्रचार सचिव हरेंद्र सिंह ने बताया कि सबसे भयावह स्थिति डॉल्फिन कंपनी में बनी हुई है जहाँ स्थाई श्रमिकों को जबरिया ठेकेदारी की नौकरी में नियोजित किया गया है। अब तक 30 स्थाई श्रमिकों को कारण बताओ नोटिस, आरोप पत्र और पूर्व सूचना दिए बिना उनकी अवैध गेटबंदी की जा चुकी है। श्रमिकों को न्यूनतम वेतन और बोनस भी नहीं दिया जा रहा है जो कि सुप्रीम कोर्ट और भारत के संविधान का भी घोर उल्लंघन है। ऐसे में श्रम विभाग और प्रशासन द्वारा कंपनी मालिक के खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज करने और कंपनी में चल रही उक्त अवैध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने के स्थान पर पीड़ित मजदूरों के 6 नेताओं के ऊपर ही गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाही करने और लूट और मारपीट करने आदि गंभीर धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज कर दिए गए।शासन प्रशासन द्वारा न्यूनतम वेतनमान लागू कराने में भी कोई दिलचस्पी नहीं ली जा रही है। जिससे औद्योगिक क्षेत्र के मजदूरों में रोष ब्याप्त है। मोर्चा कार्यकारी अध्यक्ष दलजीत सिंह ने कहा कि विधायक शिव अरोरा ने सकारात्मक पहल दिखाते हुए मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ में कई वार्ताएं की और आश्वासन दिया है कि 31 जुलाई को डॉल्फिन कम्पनी के सभी 6 नेताओं को गुंडा एक्ट के तहत भेजे गए नोटिस और कायम वाद को निरस्त कर दिया जाएगा।लुकास टीवीएस, डॉल्फिन, करोलिया, इंटरार्क, नेस्ले सहित सभी कम्पनियों में चल रहे समस्याओं का समाधान जिला स्तरीय कमेटी का गठन करके करा लिया जाएगा। विधायक की इस सकारात्मक पहल को संज्ञान में में लेकर आज 28 जुलाई को विधायक के आवास के घेराव का कार्यक्रम को दो सप्ताह के लिए स्थगित किया गया है। यदि श्रमिकों की उक्त समयस्याओं का समाधान ना निकाला गया तो यह कार्यक्रम 11 अगस्त को किया जायेगा। महापंचायत के निर्णय के अनुसार उत्तराखंड स्तर पर 31 जुलाई को उधमसिंह के बलिदान दिवस पर दमन, जुल्म और शोषण के विरोध में आयोजित किये जा रहे ब्यापक कार्यक्रमों के क्रम में कलेक्ट्रेट रुद्रपुर में उधमसिंह की मूर्ति के समक्ष संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।इस दौरान भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष गणेश मेहरा, मजदूर सहयोग केंद्र के मुकुल, इंकलाबी मजदूर केंद्र के दिनेश चंद्र, लुकास टीवीएस के राजेश चंद्र, डॉल्फिन के ललित कुमार, करोलिया के हरेन्द्र, इंटरार्क के दलजीत सिंह, नेस्ले कम्पनी के देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

**ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में .......**थे कि उसने इस राजवंश को इतने समय तक कायम रखा। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में रंगों की बात भी की। ऐसे रंगों की जिन्होंने हरियाणा के रोहतक जिले की ढ़ाई-सौ से ज्यादा महिलाओं के जीवन में समृद्धि के रंग भर दिए हैं। हथकरघा उद्योग से जुड़ी ये महिलाएं पहले छोटी-छोटी दुकानें और छोटे-मोटे काम कर गुजारा करती थीं। पीएम मोदी ने बताया कि इन महिलाओं न उन्नत सैल्फ हैल्प ग्रुप से जुड़कर ब्लॉक प्रिंटिंग और रंगाई में ट्रेनिंग हासिल की। कपड़ों पर रंगों का जादू बिखेरने वाली ये महिलाएं आज लाखों रुपए कमा रही हैं। पीएम मोदी ने कहा कि 7 अगस्त को हम नेशनल हैंडलूम डे मनाएंगे। आज कल, जिस तरह हैंडलूम उत्पादों ने लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई है, वो वाकई बहुत सफल है, जबरदस्त है। अब तो कई निजी कंपनियां भी एआई के माध्यम से हैंडलूम उत्पाद और सस्टेनेबल फैशन को बढ़ावा दे रही हैं। खादी ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार 1.5 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है और खादी की बिक्री 400% बढ़ी है। खादी की, हैंडलूम की, ये बढ़ती हुई बिक्री बड़ी संख्या में रोजगार के नए अवसर भी बना रही है। इस इंडस्ट्री से सबसे ज्यादा महिलाएं जुड़ी हैं, तो सबसे ज्यादा फायदा भी उन्हीं को हो रहा है। आपने अब तक खादी के वस्त्र नहीं खरीदे, तो इस साल से शुरू कर लें। अगस्त का महीना आ ही गया है ये आजादी मिलने का महीना है, क्रांति का महीना है। इससे बढ़िया अवसर और क्या होगा, खादी खरीदने के लिए।

**हाथी दॉत के साथ तीन........**लगाया गया था। शनिवार को जब ये तस्कर हाथीदाँत को किसी बाहर की पार्टी को बेचने के लिए निकले तो टीम इन्हें दबोच लिया। गिरफ्तार तस्करों में से एक गौतम सिंह वर्ष 2017 थाना मण्डावली जिला बिजनौर से हत्या तथा जितेन्द्र सैनी वर्ष 2017 में थाना श्यामपुर से फॉरेस्ट एक्ट के मुकदमे में जेल जा चुका है। तस्करों को पकड़ने वाली टीम में एसटीएफ के निरीक्षक एम0पी0सिंह, निरीक्षक अबुल कलाम ,उपनिरीक्षक के0जी0मठपाल, बृजभूषण गुरुरानी, यादवेन्द्र बाजवा,विद्यादत्त जोशी,मुख्य आरक्षी महेंद्र गिरी,किशोर कुमार,जगपाल सिंह,दुर्गा सिंह, रियाज अख्तर तराई केन्द्रीय वन प्रभाग के वन क्षेत्राधिकारी रुपनारायण गौतम, डिप्टी रेंजर दीवान सिंह रौतेला, वन दरोगा पान सिंह मेहता,सुरेन्द्र सिंह, वन आरक्षी अजय कुमार,नीरज सिंह, थाना श्यामपुर के थानाध्यक्ष नितेश शर्मा, उपनिरीक्षक मनोज रावत, आरक्षी कृष्णा भारद्वाज, मोहन रावतवन क्षेत्राधिकारी हरिद्वार नेत्रसिंह, वन दरोगा धर्मपाल सिंह रावत , वन आरक्षी प्रदीप आदि शामिल थे।

**घर में घुसकर युवती को ..........**ले जाया गया। परिजनों ने मामले की तहरीर पुलिस को सौंप दी है। पुलिस पकड़े गये हमलावर से पूछताछ कर मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि फरार दोनों हमलावरों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

**बलात्कार का वांछित.........**पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किया लेकिन वह लगातार आंख मिचोली का खेल खेलता रहा। पुलिस ने सूचना के आधार पर घेराबंदी कर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उसे जेल रवाना कर दिया।

**कांवड़ दिखाने के बहाने बाईक.**
**.......**थे, लेकिन देर रात तक भी आकाश वापस नहीं आया। आकाश का शव नहर की पटरी पर शनिवार देर शाम मिला । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, रविवार सुबह मृतक के भाई ने तीनों युवकों पर हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

# दो अगस्त तक मांसाहार की दुकाने बंद रखने का आहवान

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मण्डल शक्तिफार्म इकाई ने शक्तिफार्म क्षेत्र के सभी अंडा, मीट ,मछली विक्रेता व मांसाहारी होटल ढाबों को दो अगस्त तक पूर्ण रूप से बंद रखने का आहवान किया है। व्यापार मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल ने बताया कि उत्तराखंड शासन द्वारा निर्देशित तथा पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर द्वारा सूचना प्राप्त हुई है कि कोई भी मांसाहार विक्रेता कच्चा एवं तैयार किया हुआ ठेली रेस्टोरेंट इत्यादि 2 अगस्त तक अपनी समस्त दुकानें श्रावण मास के जलाभिषेक के कारण पूर्ण रूप से बंद रखेगा जो भी दुकानदार आदेश का उल्लंघन करता पाया गया तो पुलिस प्रशासन के द्वारा कठोर कार्रवाई की जाएगी। 10000 का चालान करने की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। कोई भी अंडा मीट मछली ठेला रेस्टोरेंट दुकानदार आदेश का उल्लंघन करेगा वे स्वयं उत्तरदाई होंगे ।उल्लंघन करने पर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल किसी भी प्रकार की मदद नहीं कर पाएगा।

# शिव मंदिर में सुंदर कांड पाठ का आयोजन

गूलरभोज(उद संवाददाता)।शिव मंदिर रेलवे फाटक के पास बालाजी मंडली द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सुंदरकांड हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और भजन सुनाएं गये। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी, महंत सूरज शाह, अमित कुमार गुप्ता, गुरमेल सिंह, राजेश सिंह, विजय शर्मा ,हरीश शर्मा, मुकेश राजभर, संजीव गुप्ता, लक्ष्मण गिरि, विनोद कुमार, धन सिंह सामंत, आशु रघुवंशी, कालू रघुवंशी आदि उपस्थित थे।




## सूचना सम्बंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारा पुत्र मिथुन मण्डल व पुत्रवधू मोनिका मण्डल आये दिन हमसे लड़ाई झगड़ा करते हैं। जिस कारण घर में अक्सर क्लेश रहता है। रोज रोज की हरकतों से दुखी और परेशान होकर हमने अपने पुत्र मिथुन मण्डल और पुत्रवधू मोनिका मण्डल से पारिवारिक सम्बंध विच्छेद कर लिया है और इन्हें अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये दोनों अपने किसी भी अच्छे बुरे कार्य और लेन देन आदि के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे।

किरण मण्डल पुत्र स्व. पुलिन मण्डल,
सुचित्रा मण्डल पत्नी किरण मण्डल,
निवासी- आदर्श वनखंडीनाथ फेस-4,
फुलसुंगी, रूद्रपुर, उधम सिंह नगर



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)










# वर्तमान और भविष्य के लिए पौधरोपण जरूरी: शिव कुमार

## रूद्रपुर राइजिंग फाउण्डेशन ने मनाया स्थापना दिवस






रुद्रपुर(उधम सिंह नगर)रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन के ग्यारहवें स्थापना दिवस पर रविवार को पुराने जिला अस्पताल परिसर में विभिन्न प्रजातियों के करीब डेढ़ सौ पौधे लगाए गए। इस दौरान सराहनीय कार्य करने वाली विभिन्न सामाजिक संस्थाओं व्यक्तियो और राइजिंग के संरक्षक सदस्यों को सम्मानित किया गया। आओ पेड़ लगाए धरा को हरा भरा बनाएं अभियान के बीच रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने पुराना जिला अस्पताल परिसर में पौधारोपण कर स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर लगभग डेढ़ सौ छायादार और फलदार पौधे रोपे गए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुमार ग्रुप के प्रबंध निदेशक एवं वरिष्ठ समाजसेवी शिव कुमार अग्रवाल ने कहा कि भारत में मां बाप अपनी संतान की उतनी देखभाल नही करते है जितना कि विकसित देशों में पौधों की देखभाल की जाती है। इन देशों में सर्दी के समय 40 प्रतिशत डिग्री तापमान से रक्षा के लिए पेड़ों को एल्युमिनियम फॉयल से कवर किया जाता है,जबकि शुष्क गर्मी से बचाने के लिए पेड़ो को ग्रीन कवर किया जाता है। उन्होंने कहा कि पौध ारोपण अभियान वर्तमान और आने वाले भविष्य के लिए जरूरी है,लेकिन साथ ही इन पौधों का लालन पालन भी जरूरी है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बाल सरक्षण आयोग के सदस्य दीपक गुलाटी ने राइजिंग फाउंडेशन के 11 वे स्थापना की बध ाई दी। उन्होंने कहा कि कोविड ने कुदरती आक्सीजन की कीमत का अहसास करा दिया है। उन्होंने कहा कि आज लगातार तापमान बढ़ता रहा है ,जिसका खामियाजा आम इंसान से लेकर पशुओं को भी उठाना पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए आज हर व्यक्ति को एक पौधा लगाने का संकल्प लेना चाहिए। फाउंडेशन अध्यक्ष विजय आहूजा ने कहा कि संस्था लगातार सामाजिक कार्यों में जुटी रहेगी। इस अवसर पर शहीद भगत सिंह सेवा समिति,भारत विकास परिषद,राउंड टेबिल 335,स्वयं सुरक्षा अभियान, काशीपुर राइजिंग फाउंडेशन, बंटी खुराना, पेंशनर्स सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसायटी, आनंद बिंदल, किशन नारंग, मनोज मदान, राहुल सिंघल,सुभाष नारंग, चिराग कालरा, राकेश स्याल, अशोक सिंघल आदि संस्थाओं और राइजिंग संरक्षक सदस्यो को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सचिव आलोक जैन, मुनिंदर कुमार, पी के मौर्य, रविंदर कुमार, संजय ठुकराल, अजय कुमार सिंह,सुनील आर्य, राजीव कामरा, दीपक अग्रवाल, महेश कुशवाह, अभिनव गुप्ता, चंद्र कला राय, अनुपम सिंह,सुमन मिश्रा, पिंकी तिवारी, सोनम सिंह,गिरीश जोशी, मोहन राम, संजीव अरोरा,रजनीश पांडे, सौरभ सिब्बल, मनन अग्रवाल, गौतम थापा, मेरी थापा, डॉ एलएम उप्रेती, अमित गंभीर, प्रेम बुधलाकोठी, पी सी शर्मा, अरुण चुग, प्रथम बिष्ट,ललित बिष्ट, हरप्रीत सिंह, दिव्यांशु गुलाटी,सुधा राय आदि मौजूद थे।

# विद्यालय कैबिनेट के सदस्यों को दिलाई शपथ

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल सितारगंज में नए सत्र वर्ष 2024-25 के लिए कैबिनेट सदस्यों का चुनाव और शपथ ग्रहण समारोह बड़े उत्साह और हर्ष उल्लास के साथ आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम स्कूल के सभागार




में आयोजित हुआ । चयन प्रक्रिया में नामांकन,प्रचार और एक लोकतांत्रिक मतदान प्रक्रिया शामिल थी जिसमें छात्रों में सक्रिय रूप से भाग लिया चुने गए सदस्यों का चयन उनके नेतृत्व, स्कूल के मूल्यों के प्रति उनकी निष्ठा और स्कूल के भविष्य के प्रति उनकी दृष्टि के आधार पर किया गया। नवनिर्वाचित कैबिनेट सदस्य इस प्रकार हैं स्कूल कप्तान सुखप्रीत कौर,हेड बॉय मनीष जुकारिया,हेड गर्ल मनप्रीत कौर, सांस्कृतिक कप्तान कमलजीत कौर,अनुशासन कप्तान सिमरनजीत कौर,खेल कप्तान अमन बोहरा। स्कूल कोऑर्डिनेटर भूपेंद्र सिंह ने नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। स्कूल प्रबंध क पलविंदर सिंह औलख ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को अच्छा नेतृत्व और जिम्मेदारी से अपने काम को करने के लिए प्रेरित किया।स्कूल प्रधानाचार्य कमलजीत कौर औलख ने कहा कि आने वाले समय में आप लोग ही इस देश का नेतृत्व करेंगे और समाज को नई दिशा देने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम का संचालन वॉइस कोऑर्डिनेटर सुखवंत कौर ने किया। कार्यक्रम में एकेडमिक कोऑर्डिनेटर उत्तम तिवारी सिमरनजीत कौर गीता तिवारी अनुपमा दुबे अमित पाठक अर्जुन चौहान रौनक खान पवनदीप कौर रवनीत कौर आनंद कुमार मनोज कुमार मनोज कुमार सुमन औली सुमन औली अर्शदीप सिंह हेमा भट्ट एकता बोरा कविता भट्ट मनप्रीत कौर सुमित कुमार अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# राजकीय प्राथमिक विद्यालय में सफाई न होने पर प्रधानाध्यापक ने एसडीएम से की शिकायत

## स्टाफ के साथ खुद की नाली की सफाई

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय बंगाली कॉलोनी कई बार शिकायत करने के बावजूद सफाई न होने पर शिकायत के बावजूद गंदगी से परेशान स्कूल के प्रध ानाध्यापक ने स्वयं नाली सफाई करवाई और एसडीएम सितारगंज को शिकायती पत्र भेजकर नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की ।राजकीय प्राथमिक विद्यालय बंगाली कॉलोनी के प्रधानाध्यापक खिलानंद अटवाल ने नगर पंचायत के प्रशासक एवं उप जिला अधिकारी सितारगंज को भेजे पत्र में कहा है कि विद्यालय परिसर के अंदर बनी हुई नाली पूरी तरह कचरे से भर चुकी है, विद्यालय परिसर के अंदर कूड़े का ढेर लगा हुआ है नाली का गंदा पानी विद्यालय मैदान में भरने से सांप आ रहें है वही कीड़े मच्छर पनप रहें हैं, जिससे विद्यालय में अध्यनरत बच्चों को डेंगू जैसी बीमारियां होने का खतरा बना हुआ है, नाली सफाई एवं कूड़ा हटवाने के लिए नगर पंचायत नानकमत्ता के कर्मचारियों



से 1 जुलाई से लगातार मौखिक रूप से और 26 जुलाई को नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी प्रियंका रैकवाल से शिकायत करने के बावजूद भी नाली की सफाई व कूड़ा उठाने के लिए कोई नहीं आया, गंदगी से परेशान प्रध ानाध्यापक ने अपने स्टाफ के सहयोग से नाली की सफाई कराई, और नगर पंचायत के प्रशासक व उप जिला अधि कारी रविंद्र सिंह को पत्र भेजकर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है।

# व्यापारी एकता सम्मेलन में उठाए व्यापारी हितों के मुद्दे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल का व्यापारी एकता सम्मेलन प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा, सह प्रभारी






उत्तराखंड अतुल गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिसमें वक्ताओं ने व्यापारी हितों से जुड़े कई मुद्दे उठाए। मुख्य अतिथि उत्तराखंड प्रभारी करण सिंह यादव, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विमलेश यादव, मोरध्वज जिला अध्यक्ष संम्भल यूपी, ज्ञान प्रकाश सिंह उपाध्यक्ष, विशिष्टअतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रेनू अधिकारी, ललित जोशी, सौरभ भट्ट , दलजीत सिंह दल्ली, एडवोकेट बिंदेश गुप्ता, गंगा जयसवाल, कैलाश जोशी, डा. राजीव गुप्ता, योगेश गुप्ता, हरीश पांडे मौजूद थे। मुख्य अतिथि करन यादव ने कहा कि व्यापारियों को जीएसटी को लेकर जो समस्या आ रही है उसके लिए सरकार से वार्ता की जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा ने कहा कि पहली बार व्यापारी हित में उत्तराखंड में 15 अगस्त की एक शाम व्यापारियों के नाम होगी। व्यापारियों का बीमा भी कराया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशाल शर्मा ने सभी का आभार जताया। उत्तराखंड सह प्रभारी अतुल गुप्ता ने कहा कि हमारी प्राथमिकता सबसे पहले व्यापारी हित में सभी व्यापार संगठनों को एक मंच पर लाने की रहेगी। नगर अध्यक्ष शत्रुघ्न पांडे डिंपल, महामंत्री परविंदर सिंह नागपाल ने कहा कि व्यापारी हित में कई कार्य करने है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुमाऊं मंडल अध्यक्ष भुवन भट्ट ने तथा संचालन अक्षरा शर्मा ने किया।इस दौरान ग्रामीण नगर अध्यक्ष दिगंबर भोजक, महामंत्री बालम सिंह जोशी, जिला महामंत्री अतुल प्रताप सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री भूपेश बिष्ट, महिला नगर अध्यक्ष मंजू जोशी, प्रदेश सचिव मोनिका शर्मा, काजल खत्री शाह, ज्योति अवस्थी, योगिता बनोला, प्रदेश सचिव संजय त्यागी, नारायण बडोला, बसंत सनवाल, हरिमोहन अरोड़ा, विक्रम बरगली, संजय त्यागी, विपुल अग्रवाल, जहीर अंसारी, अमित चौहान, अनिल बेलवाल, कौस्तुभ चंदोला, नफीस अहमद, हाशिम अंसारी, लईक अहमद, अशोक कश्यप, हितेश मटियाड, राजकुमार आनंद आदि मौजूद रहे।